


MPHIN.RNI.NO. 62005/94

# प्रजादेश

वर्ष -32 अंक 99 | भोपाल, सोमवार 11 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य 1.50 रुपये



## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या का धनबाद से जुड़ा कनेक्शन, हुआ बड़ा खुलासा

कोलकाता,10 मई । पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या में झारखंड के धनबाद से जुड़ा कनेक्शन सामने आया है। हत्यारों ने अपराध में इस्तेमाल की बाइक पर धनबाद के कर्मचारी विभाष भट्टाचार्य की बाइक का फर्जी नंबर चिपकाया था। इस बीच, विभाष भट्टाचार्य का घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज सामने आने से उन्हें क्लीन चिट मिल गई है।

बता दें कि चुनावी नतीजों के तुरंत बाद हुई इस हाई प्रोफाइल हत्या मामले की जांच के लिए, गठित बंगाल पुलिस की एसआईटी टीम बीती रात जांच के लिए धनबाद पहुंची थी। यहां थाने में काफी देर तक छानबीन की गई, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। खुलासा यह है कि हत्यारों ने अपराध में इस्तेमाल की बाइक पर फर्जी नंबर लगाया था। दरअसल, यह नंबर धनबाद के एक कर्मचारी विभाष भट्टाचार्य की बाइक का चुराया गया था।

जांच में अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की गई बाइक के नंबर जेएच... से इसका झारखंड कनेक्शन निकला। अपराधियों की बाइक का नंबर धनबाद के विभाष के नाम पर रजिस्टर्ड है। जांच आगे बढ़ी तो ट्रेस धनबाद के पाथरडीह पहुंची। फिर पता चला कि अपराधियों ने जिस बाइक का इस्तेमाल किया था वह धनबाद के चास नाला कार्यालय में तैनात बंगाल के विभाष भट्टाचार्य के नाम पर रजिस्टर्ड है। विभाष मूल रूप से बर्नपुर (बंगाल) से हैं और कुछ साल पहले उनका तबादला हो गया था। इसके बाद, शुक्रवार रात बंगाल पुलिस धनबाद पहुंची। पाथरडीह थाने में घंटों पूछताछ के बाद टीम ने भट्टाचार्य के घर बाइक सत्यापित की। कर्मचारी ने सफाई दी कि घटना के वक्त वह कार्यालय में थे। सीसीटीवी फुटेज ने इसे साबित कर दिया। जांच में पाया गया कि हत्यारों ने उनकी बाइक का नंबर दूसरी बाइक (अलग मॉडल व रंग) पर चिपका लिया था।

### दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आतंकी हमले के खतरे की आशंका के बाद हाई अलर्ट जारी

नईदिल्ली,10 मई (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने संभावित आतंकी हमले की खुफिया जानकारी मिलने के बाद राजधानी को हाई अलर्ट पर रखा है।

# सीएम बनते ही एक्शन में एक्टर विजय, फ्री बिजली, महिला सुरक्षा और ड्रग तस्करी से जुड़े 3 आदेशों पर किए साइन



### सीएम की कुर्सी संभालते ही विजय ने पीएम मोदी को कहा धन्यवाद, राज्य के विकास के लिए मांगा सहयोग

नई दिल्ली ,10 मई , । तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेते ही एक्टर विजय एक्शन मोड में दिखाई दिए। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने ही विजय ने पब्लिक से जुड़े तीन अहम फैसलों पर साइन कर दिए। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन का निर्णय शामिल है। बता दें कि चेन्नई में शपथ ग्रहण समारोह तुरंत विजय ने अपने पहले आधिकारिक दस्तावेजों पर साइन किए। उनके इन तीन फैसलों से संदेश जा रहा है कि उनकी सरकार का पहला फोकस पब्लिक को राहत देने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करना है। 200 यूनिट तक फ्री बिजली देने के निर्णय को मिडिल क्लास और लोअर इनकम क्लास के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री विजय के बड़े निर्णय 200 यूनिट मुफ्त बिजली सप्लाई

**नशीली दवाओं से निपटने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स**

महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स वहीं, तमिलनाडु में ड्रग्स स्मगलिंग और नशे के व्यापार पर रोकथाम के लिए विजय ने स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया है।

# रंगासामी 13 मई को बनेंगे पुडुचेरी का मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी

पुडुचेरी,10 मई । सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया. गृह मंत्रालय के नोटिफिकेशन में कहा गया, राष्ट्रपति एन रंगासामी को शपथ लेने की तारीख से केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए खुशी है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोटिफिकेशन के बाद लेफ्टिनेंट गवर्नर के कैलाशनाथन ने



रंगासामी को सरकार बनाने के लिए बुलाया है. सूत्रों ने बताया कि रंगासामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. 9 अप्रैल को हुए केंद्र शासित प्रदेश चुनाव में ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की आसान जीत के बाद रंगासामी पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं. नतीजे 4 मई को घोषित किए गए थे.

ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने जिन 16 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से 12 पर जीत हासिल की और बीजेपी ने जिन 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था,

# एल्विश यादव को लॉरेंस बिश्नोई की धमकी: गैंग ने फोन कर मांगे 10 करोड़, दी दो दिन की मोहलत; न देने पर दी धमकी

नई दिल्ली ,10 मई , । पुलिस ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। यादव के परिवार ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है। यादव की शिकायत पर सेक्टर 56 पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को 10 करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक विदेशी व्हाट्सएप नंबर से दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का दावा किया। **दो दिन के भीतर दी गोली मारने की धमकी**



पुलिस ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। यादव के परिवार ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है। यादव की शिकायत पर सेक्टर 56 पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यादव ने बताया कि उन्हें 5 मई को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया था, जिसका वह जवाब नहीं दे पाए। **रणदीप ने बताया खुद को लॉरेंस का करीबी**

बाद में उन्हें उसी नंबर से धमकी भरा संदेश मिला। संदेश में रणदीप मलिक ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी बताया। उसने दो दिन में 10 करोड़ रुपये की मांग की और भुगतान न करने पर गोली मारने की धमकी दी।

# योगी मंत्रिमंडल में एक महिला समेत छह नए मंत्री हुए शामिल

लखनऊ ,10 मई । योगी मंत्रिमंडल का रविवार को विस्तार हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जनभवन के गांधी सभागार में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल के नए सदस्य के रूप में भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज कुमार पांडेय ने कैबिनेट मंत्री तथा कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश सिंह राजपूत ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

दो का हुआ प्रमोशन

योगी सरकार में राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल व सोमेंद्र तोमर का प्रमोशन हुआ। दोनों राज्यमंत्रियों ने अब राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। नवनियुक्त मंत्रियों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण के उपरांत जनभवन का गांधी सभागार भारत माता की जय व जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

गौरतलब है कि भूपेंद्र सिंह चौधरी विधान परिषद सदस्य हैं। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि मनोज कुमार पांडे ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। वहीं राज्यमंत्री की शपथ लेने वालीं कृष्णा पासवान खागा से, सुरेंद्र दिलेर खैर से और कैलाश सिंह राजपूत तिर्वा से विधायक हैं। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं।

**योगी कैबिनेट में अब कुल कितने मंत्री ?**

योगी सरकार 2.0 में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों समेत अब कुल 54 मंत्री हो गए हैं। इनमें 21 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 18 राज्य मंत्री शामिल हैं। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार प्रदेश में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। खास बात यह रही कि किसी मंत्री को हटाए बिना आठ नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

**मार्च 2024 में हुआ था इससे पहले विस्तार**

इससे पहले योगी सरकार का पहला विस्तार लोकसभा चुनाव से पहले पांच मार्च 2024 को हुआ था। उस समय सामाजिक समीकरण साधने के तहत ओम प्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनिल कुमार शर्मा को मंत्रिमंडल में जगह दी गई थी।

**ऐसा है जातीय समीकरण**

भाजपा के मौजूदा जातीय समीकरण पर नजर डालें तो पार्टी के पास विधानसभा में 258 विधायक हैं। इनमें 84 ओबीसी, 59 एससी, 45 राजपूत, 42 ब्राह्मण और 28 अन्य सवर्ण वर्ग से हैं। वहीं विधान परिषद में भाजपा के 79 सदस्य हैं, जिनमें 26 ओबीसी, 23 राजपूत, 14 ब्राह्मण, 12 अन्य सवर्ण, दो मुस्लिम और दो एससी वर्ग के सदस्य शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार में इन्हीं सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखकर नए चेहरों को शामिल किया गया है।

# प्रधानमंत्री की अपील: 'पेट्रोल-डीजल बचाएं, सोने के गहने न खरीदें

## पेट्रोल-डीजल का विकल्प तैयार करने के लिए क्या कर रही सरकार?

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ऊर्जा संकट के बीच देशवासियों से पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील की है। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए उन्होंने लोगों से एक साल तक सोने के गहने न खरीदने का आह्वान किया है। पीएम ने कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स फिर से शुरू करने को कहा है, ताकि देश युद्ध के आर्थिक प्रभावों से सुरक्षित रह सके।**



कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा के दूसरे विकल्पों पर बहुत ही तेजी से काम किया जा रहा है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने का काम तेजी से बढ़ाया गया है, जिससे भारत आज के ऊर्जा संकट का मजबूती से सामना कर पा रहा है।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

नई दिल्ली ,10 मई , । दुनिया में लगातार बढ़ते ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से एक बहुत ही बड़ी और अहम अपील की है। उन्होंने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का बहुत ही सोच-समझकर और संयम के साथ इस्तेमाल करने को कहा है।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने सोने की खरीद को पर भी एक अपील की है। उन्होंने कहा है कि देशहित में लोगों को कम से कम एक साल तक सोने के गहने नहीं खरीदने चाहिए, चाहे घर में कोई भी बड़ा फंक्शन या शादी ही क्यों न हो। पीएम मोदी ने साफ कहा है कि इस संकट की घड़ी में देश का पैसा यानी विदेशी मुद्रा बचाना ही हमारी असली देशभक्ति है।

**पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल के इस्तेमाल पर क्या बड़ी बात कही है?**

पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बहुत बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल बनाने वाला कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर देश के लोग बिना जरूरत के या जरूरत से बहुत ज्यादा पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल करेंगे, तो इसका सीधा और बहुत बुरा असर देश की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया इस वक्त एक बहुत ही भयंकर ऊर्जा संकट का सामना कर रही है और पश्चिम एशिया में जो तनाव चल रहा है, उसने इस चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है। इसीलिए पीएम मोदी ने हर नागरिक से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग बहुत ही ज्यादा सोच-समझकर करें। उन्होंने भरोसा जताया कि ऐसा करने से न केवल देश की विदेशी मुद्रा बचेगी, बल्कि युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक संकट का बुरा असर भी भारत पर बहुत कम पड़ेगा।

**सोने की खरीद को लेकर क्या खास अपील की?**

प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ सोने की खरीद पर भी बहुत ही गंभीरता से बात की। पीएम मोदी ने बताया कि भारत के लोग जो भारी मात्रा में सोना और सोने के आभूषण खरीदते हैं, उस पर देश की बहुत बड़ी विदेशी मुद्रा खर्च हो जाती है। पीएम मोदी ने पुराने दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि पहले जब भी देश पर कोई युद्ध या राष्ट्रीय संकट आता था, तो लोग देशहित में अपना सोना तक सरकार को दान कर देते थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार को आपके सोने के दान की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन देशहित में लोगों को कम से कम एक साल तक सोना और सोने के नए गहने खरीदने से जरूर बचना चाहिए। उन्होंने जनता से सीधा आह्वान किया कि हमें यह तय करना होगा कि घर में कोई भी फंक्शन हो, कोई भी कार्यक्रम हो, हम एक साल तक सोने के आभूषण नहीं खरीदेंगे। देश की आर्थिक ताकत और उसके संसाधनों की रक्षा करना भी आज के समय में देशभक्ति का ही एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

# एनडीए विधायक दल के नेता चुने गए हिमंत बिस्वा सरमा, 12 मई को शपथग्रहण

नई दिल्ली ,10 मई , । रविवार को गुवाहाटी में हुई एक बैठक में हिमंत बिस्वा सरमा को लगातार दूसरी बार बीजेपी विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुन लिया गया। यह बैठक पर्यवेक्षकों जेपी नड्डा और नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में हुई।



शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार 12 मई, 2026 को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। असम बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बताया कि 12 मई को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसे उन्होंने एक ऐतिहासिक पल बताया।

मुख्यमंत्री के साथ-साथ विधायक भी लेंगे शपथ

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ 102 विधायकों के भी शपथ लेने की उम्मीद है। यह शपथ ग्रहण समारोह पीएम मोदी की मौजूदगी में होगा और वह मुख्य अतिथि के तौर पर इसमें शामिल होंगे

### भारत-नेपाल सीमा पर फंसे सैकड़ों ट्रक, सोनौली में 10 किमी लंबी कतार से बढ़ी परेशानी

महराजगंज ,10 मई , । अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) नियम को लेकर नेपाल भंसार विभाग की तरफ से ढील मिलने के बाद व्यापारियों को राहत मिली है। लाइन में लगे मालवाहकों को नेपाल जाने की अनुमति मिलने से 90 भारतीय ट्रक नेपाल चले गए हैं। हालांकि नेपाल में शनिवार और रविवार सार्वजनिक अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में ट्रक अब भी सोनौली सीमा में फंसे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हम सबके जीवन का मूल आधार है मांः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल 10 मई । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मातृ दिवस पर प्रदेश की सभी मातृ शक्ति को नमन किया है। उन्होंने कहा है कि मां हम सभी के जीवन का मूल आधार है। माँ हमें संस्कार और सत्य एवं संघर्ष के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हम सभी पर माँ का आशीर्वाद हमेशा बना रहे, ऐसी मंगलकामनाएं की हैं।

### एमपी से 3 युवक गिरफ्तार, आईएसआई से मिला कनेक्शन

**भोपाल 10 मई।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक मॉड्यूल द्वारा दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत हाईवे स्थित एक ढाबे और हरियाणा के सैन्य कैंप पर आतंकी हमले की साजिश रचे जाने का खुलासा दिल्ली पुलिस ने किया है। साजिश रचने वाले सभी युवक मध्य प्रदेश के हैं। इनमे से एक युवक टीकमगढ़ और बाकी दो ग्वालियर के निवासी है।

आरोपियों का नाम टीकमगढ़ के नौगेवा निवासी अनमोल राय (24) और ग्वालियर के डबरा निवासी राजवीर (21) और विवेक बंजारा (19) हैं। तीनों के मोबाइल में ऑडियो, वीडियो कॉल से संदिग्ध नंबरों पर बात तथा सोशल मीडिया से के तस्वीरें पाकिस्तान भेजे जाने की पुष्टि हुई है। इसके साथ पुलिस को कई संदिग्ध ई-मेल भी मिले हैं। बता दें कि, तीनों आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने उन्ही के गांवों से गिरफ्तार किया फिर अपने साथ ले गई। यह गिरफ्तारी शुक्रवार को हुई।

दिल्ली स्पेशल सेल के अनुसार, तीनों आरोपी गरीब परिवार से आते है। हालांकि, पुलिस अभी इस बात का पता लगाने में जुटी है कि सभी आरोपियों को आतंकी हमले की साजिश में जोड़ने के लिए किस चीज़ का लालच दिया गया था। पुलिस के मुताबिक तीनो आरोपी दिल्ली में मजदूरी किया करते थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने दिल्ली के ऐतिहासिक मंदिर और उसके परिसर की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल के जरिए पाकिस्तान के हैंडलर्स के साझा की थी। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने मंदिर की सुरक्षा में लगी पुलिस और पैरामिलिटरी फॉर्स पर फायरिंग कर आतंक फैलाने की प्लानिंग थी। इसके अलावा आरोपियों की दिल्ली-सोनीपत हाईवे पर स्थित एक फेमस ढाबे पर बम मारने की योजना बनाई थी। यही नहीं, इन्हे हैंडलर्स द्वारा हरियाणा में एक सेना के कैंप में भी घुसपैठ कर इनफार्मेशन पाकिस्तान भेजने का टास्क दिया गया था। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सभी आरोपी गैंगस्टर शहजाद भट्टी टेरर मॉड्यूल से जुड़े हुए थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1857 के क्रांतिकारियों को किया नमन

**भोपाल 10 मई ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 1857 का प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम भारत की स्वाधीनता, स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का अमर अध्याय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले सभी स्वातंर्त्य वीर सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और उनकी राष्ट्रभक्ति को नमन किया है।

उल्लेखनीय है कि 10 मई 1857 को मेरठ से प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए हमारे वीर क्रांतिकारियों ने एकजुट होकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ शंखनाद किया था।

### बेतवा नदी को झिरी में उद्गम स्थल पर जुटे लोग

**भोपाल 10 मई ।** ग्राम झिरी स्थित बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने और नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए रविवार से पहल शुरू हो गई। यहां पर बड़ी संख्या में भोपाल, इंदौर के रिटायर्ड अफसर और एक्सपर्ट जुटे। बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण ग्रुप के बैनरतले पुनर्जीवित करने के लिए मंथन किया। मप्र-छत्तीसगढ़ के पूर्व आयकर आयुक्त आरके पालीवाल के नेतृत्व में रविवार को बेतवा उद्गम स्थल कोलार डेम के नजदीक बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि भोपाल से कुरवाई तक नदी में स्वच्छ्ता अभियान चलाया जाएगा।

जनभागीदारी से बीते साल 55 चेक डेम बनाए गए थे। इस बार वन समितियां भी जुड़ गई हैं। वहीं, वन विभाग के कई रिटायर्ड अफसर जुड़े हैं। इसलिए उद्गम से ऊपर ओर बीते साल से अधिक चेक डेम बनाए जाएंगे। इस मुहिम में मप्र हाईकोर्ट से जल संरक्षण के लिए नियुक्त एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय, डॉ सुरेश गर्ग, कई वन अधिकारी शामिल हुए।

# खादी आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सशक्त आधारः तीन साल में 194 बुनकरों को 268.5 लाख का ऋणः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल 10 मई ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की गौरवशाली पहचान और आत्मनिर्भर भारत का पथप्रदर्शक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी को नए भारत की नई खादी के रूप में नई पहचान मिली है, जिससे पूरे देश में खादी पुनर्जागरण का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश, युवाओं का सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग राज्य की प्रगति का सशक्त स्तंभ बन रहे हैं। बुनकर मुद्रा योजना के तहत पिछले तीन वर्षों 2023-24 से 2025-26 में कुल 194 बुनकरों को 268.50 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया है। वर्ष 2023-24 में 44 बुनकरों को 21.40 लाख, 2024-25 में 147 बुनकरों को 231.80 लाख और 2025-26 में 3 बुनकरों को 15.30 लाख रुपये का ऋण दिया गया। उन्होंने कहा कि गांधीजी के 'ग्राम स्वराज' और 'गाँव की ओर जाओ' संदेश को साकार करते हुए बोर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, परंपरागत कारीगरी को आधुनिक नवाचार से जोड़ने और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत, भारत में बनाओ, स्वदेशी के लिए मुखर, स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों और सबका साथ, सबका विकास मंत्र ने खादी



एवं ग्रामोद्योग को वैश्विक पहचान दिलाई है। स्थानीय से वैश्विक का दृष्टिकोण कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ रहा है।

राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा 50 हजार से 5 लाख तक की ऋण सुविधा व्यक्तिगत बुनकर, उद्यमी, स्व-सहायता समूह, हथकरघा संगठन और सहकारी समितियों को दी जा रही है। बुनकरों की सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना में तीन वर्षों में 616 बुनकर और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 840 बुनकर बीमित किए गए। प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना में 436 रुपये वार्षिक शुल्क पर 2 लाख का जीवन बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मात्र 20 रुपये वार्षिक शुल्क पर 2 लाख का दुर्घटना बीमा मिल रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सूती, ऊनी, रेशमी एवं पॉलीवस्त्र खादी के साथ मसाले, साबुन, जड़ी-बूटी उत्पाद एवं हस्तनिर्मित वस्तुओं को बढ़ावा दे रहा है। विपणन के लिए विन्ध्या वैली और कबीरा जैसे नाम स्थापित किए गए हैं जो गुणवत्ता और परंपरा के प्रतीक हैं। अपना हाथ ङ्क अपना साथ के मार्गदर्शन में महिला स्व-सहायता समूहों, कारीगरों और उद्यमियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है।

प्रबंध संचालक माल सिंह भयड़िया ने बताया कि महात्मा गांधी जी के गाँव की ओर चलो आह्वान से प्रेरित होकर मंडल ने ग्रामोद्योग को आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन का सशक्त साधन बनाया है। सुव्यवस्थित योजनाओं से ग्रामीण कारीगरों के उत्पादों को उचित बाजार मिल रहा है। बोर्ड की नई अंतरजाल साइट कारीगरों, उद्यमियों एवं समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रदर्शनियाँ प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर रही हैं।

# गांवों की जीवन धारा बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सीहोर जिले से हुआ ग्रामीण विकास के स्वर्णिम अध्याय का शुभारंभ, मध्यप्रदेश को मिली करीब 5 हजार करोड़ से अधिक की सौगातें

**सीहोर 10 मई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास की प्रबल इच्छा-शक्ति हो, तो एक योजना ही पूरे देश के ग्रामीण इलाकों की तकदीर बदल सकती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने यह संभव कर दिखाया है। इस योजना से बनीं सड़कें गांवों की जीवन धारा बन चुकी हैं। ग्रामीण भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का योगदान अतुलनीय है। देश-प्रदेश के छोटे-बड़े कस्बों, गांव-देहात, टोले-मजरों की अंतिम सीमा तक पक्की सड़कों की पहुंच हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों तक आवागमन बेहद आसान हो गया है।



**ग्राम्य भारत की तकदीर बदलने में सड़क योजना का योगदान अतुलनीय**

**ग्रामीण कनेक्टिविटी के मामले में मध्यप्रदेश है देश में पहले स्थान पर**

**पीएमजीएसवाय में प्रदर्शन की तीन कैटेगरी में मध्यप्रदेश देश में पहले एवं दूसरे स्थान पर**

**छोटे-बड़े कस्बों, गांव-देहात, टोले-मजरे और अंतिम छोर तक पहुंचीं पक्की सड़कें**

**आवागमन हुआ बेहद आसान, ग्राम विकास को मिली नई रफ्तार**

**अब पीएमजीएसवाय-फोर से हो रहा प्रगति का नया संकल्प**

**पीएमजीएसवाय-फोर के तहत म.प्र. को मिली 1763 करोड़ लागत वाली 2117 किमी लम्बी सड़कों की सौगात**

**करीब 987 ग्रामीण बसाहटें अब जुड़ेंगी मुख्य सड़क मार्गों से**

**पीएम जन-मन के तहत प्रदेश को मिली 261 करोड़ लागत वाली 384 किमी सड़क परियोजनाएं, 168 जनजातीय बहुल बसाहटों को मिलेगा सीधा लाभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम विकास कार्यक्रमों और लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल में उतारकर समावेशी विकास की लक्ष्य पूर्ति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से नई रफ्तार मिली है। ग्राम्य भारत का पूरा परिदृश्य ही बदल देने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 साल पूरे होने पर आज मध्यप्रदेश इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बन रहा है। इस योजना का रजत जयंती समारोह वास्तव में ग्रामीण विकास के एक नए युग का उद्घोष है। पीएमजीएसवाय-फोर और पीएम जन-मन का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ देश के गांवों को मजबूत, टिकाऊ और सर्वकालिक सड़क सम्पर्क से जोड़ने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री रविवार को सीहोर जिले के भैरुंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) के कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर राज्य स्तरीय समारोह का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पीएमजीएसवाय की 25 वर्षों की यात्रा पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश ग्रामीण कनेक्टिविटी के मामले में देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में बीते कुछ सालों में 90 हजार 150 किमी सड़कों का निर्माण कर 17 हजार 540 से अधिक बसाहटों को मुख्य मार्गों से जोड़ा गया है। पिछले 25 सालों में सड़कों से मंडियों तक किसानों की पहुंच आसान हुई है। बच्चों की शिक्षा नियमित हुई और स्वास्थ्य सेवाओं में भी व्यापक सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समारोह के जरिए मध्यप्रदेश को 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की बात पर हम सभी साथ हैं। गरीब का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए हम केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गांव-देहात की सड़क एक रास्ता भर नहीं होती, यह विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की आधार रेखा होती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। पीएमजीएसवाय-फोर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में ग्रामीण अधोसंरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश हमेशा ही इस राष्ट्रीय अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सुदूरवर्ती गांवों तक सड़क बनने से किसानों को बाजार तक पहुंचने, विद्यार्थियों को शिक्षा, मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधनी क्षेत्र से आज प्रदेश को विकास की बड़ी सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी ने 25 साल पहले ग्रामीण सड़कों के निर्माण की शुरुआत की थी, जिसे भारत सरकार के सहयोग से राज्य सरकार आगे बढ़ा रही है। आज प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कें, प्रधानमंत्री आवास और अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए राशि मिली है। सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए मध्यप्रदेश को अलग-अलग कैटेगरी में तीन पुरस्कार मिले हैं। ग्रामीण सड़कों के निर्माण के मामले में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मांगे गए सभी विकास कार्यों एवं मांगों पर सहमति देते हुए इनकी पूर्ण मंजूरी की घोषणा की।

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने पीएमजीएसवाय-फोर एवं पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश को वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित निधि का 830 करोड़ रुपये सांकेतिक आवंटन मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान देश के अन्य राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को डिजिटल माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए पीएमजीएसवाय से संबंधित निधि 18 हजार 907 करोड़ रुपये का सांकेतिक वित्तीय आवंटन जारी किया गया। इसमें से 830 करोड़ रुपये मध्यप्रदेश में होने वाले विकास कार्यों के लिए आरक्षित हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 2 हजार 55 करोड़ रुपये की मदर सैंक्शन जारी कर इसका स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। केन्द्र सरकार का यह बजट आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आवासीय सुविधाओं को नई गति देगा। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने भारत सरकार द्वारा मूंग एवं सरसों की फसल समर्थन मूल्य में खरीदे जाने का स्वीकृति पत्र भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव सौंपा।

रजत जयंती समारोह के दौरान ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इसके लिए लम्बाई, बसाहटों को जोड़ना, तकनीक के उत्कृष्ट प्रदर्शन, रखरखाव एवं गारंटी पीरियड के बाद भी बेहतर रख-रखाव के मानक की कुल पांच श्रेणियां बनाई गई हैं। इन श्रेणियों में से सर्वाधिक लम्बाई वाली पीएमजीएसवाय सड़क निर्माण में मध्यप्रदेश को पहला स्थान मिला है। मध्यप्रदेश में कुल 90 हजार 150 किमी सड़कों का निर्माण किया गया है। पीएमजीएसवाय सड़कों से ग्रामीण बसाहटों को जोडने की श्रेणी में बिहार राज्य को पहला स्थान प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान मध्यप्रदेश को मिला। मध्यप्रदेश में कुल 17 हजार 793 ग्रामीण बसाहटों को पक्की बारहमासी सड़कों से जोड़ा गया है। गारंटी पीरियड के बाद भी सड़कों को बेहतर रख-रखाव के मामले में मध्यप्रदेश को पहला स्थान मिला है।

बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा देश के ग्रामीण सम्पर्क, अधोसंरचना और समावेशी विकास से जुड़ी भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनसे मध्यप्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पीएमजीएसवाय-फोर के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 1 हजार 763 करोड़ रुपये की लागत से 2 हज़ार 117 किमी लंबाई वाली 973 नई सड़कों की बड़ी सौगात मिली। इन सड़कों से 987 ग्रामीण बसाहटों को जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही पीएम जन-मन के तहत 261 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 384 किमी लंबाई वाली सड़क परियोजनाओं की भी इस मौके पर मंजूरी मिली। इन सड़कों के बनने से 168 जनजातीय बहुल बसाहटों को सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार की यह पहल प्रदेश के जनजातीय, दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में विकास की नई रौशनी लेकर आएगी।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव संकल्प के धनी हैं। प्रदेश के विकास में वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश में 973 सड़कों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश का कोई गांव पक्की सड़कों ने वंचित नहीं रहेगा। पीएम जनमन के अंतर्गत भी पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 261 करोड़ लागत की नई सड़कों की सौगात मिली है। प्रदेश का कोई गरीब बिना छत के नहीं रहेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2055 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा है। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण में नंबर 1 है। इसके लिए राज्य सरकार और अधिकारी बधाई के पात्र हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों को सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 18 हजार 907 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन किया। इसमें से 830 करोड़ रुपए मध्यप्रदेश को मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व गांवों तक पक्की सड़कें बन रही हैं। पहले मध्यप्रदेश में सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी थी। अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को दिन में भी बिजली मिल रही है। स्व. अटल जी की प्रेरणा से ग्रामीण सड़कों का निर्माण जारी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नए सिरे से सर्वे कराया गया है सबको पक्का मकान मिलेगा।

# भाजपा भोपाल नगर की प्रशिक्षण वर्ग तैयारी एवं मासिक जिला बैठक संपन्न

**भोपाल 10 मई ।** भोपाल नगर भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर आज प्रदेश भाजपा कार्यालय स्थित मीडिया सेंटर में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत 16 एवं 17 मई को सन स्काई गार्डन, कोलू खेड़ी सीहोर रोड पर आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध?यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, व्यवस्थाओं एवं कार्यकर्ता सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी बन सके।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए तथा आवास, भोजन, सुरक्षा, मंच, पंजीयन, चिकित्सा एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जसवंत हाड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं संगठन विस्तार का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सेवा भाव, अनुशासन एवं समर्पण के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

बैठक को प्रशिक्षण वर्ग प्रमुख श्याम सुंदर शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर मालती राय, कृष्ण मोहन सोनी, महामंत्री,मुकेश राय, प्रदीप शेखावत, पूर्व महामंत्री जगदीश यादव,मनोज राठौर, सहित प्रशिक्षण वर्ग टोली के सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं व्यवस्था में रहने वाले समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व दीप प्रजलित कर पंडित दीनदयाल जी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# भारत में पाकिस्तान का पंखा: मदरसे में मिला चलता, पुलिस जांच में बड़ा खुलासा; सामने आया तीसरे देश का कनेक्शन




यूपी के कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र में एक मदरसे में पाकिस्तान निर्मित पंखा मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। पंखे पर 'मेड इन पाकिस्तान' लिखा होने का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की गहन जांच की मांग की। मदरसा प्रबंधक हिरासत में

पुलिस ने इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने मदरसा प्रबंधक समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह मामला संवेदनशील प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने सभी पहलुओं पर गौर किया। पूछताछ के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। जांच में पता चला कि यह पंखा सऊदी अरब से खरीदा गया था। इसके संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए। जांच का निष्कर्ष

पुलिस की विस्तृत जांच के बाद सच्चाई सामने आई। पंखा वास्तव में सऊदी अरब से ही खरीदा गया था। दस्तावेजों की पुष्टि के बाद पुलिस ने स्थिति स्पष्ट की। इस खुलासे से इलाके में फैली आशंकाएं दूर हुईं। पुलिस ने मामले को शांत किया।

## ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पुतिन का क्लीन चीट, कहा- नहीं बना रहा परमाणु हथियार

मॉस्को, 10 मई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वेस्ट एशिया इलाके में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग को बहुत मुश्किल लड़ाई बताया. साथ ही कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि तेहरान न्यूक्लियर हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है. यहां विक्ट्री डे परेड के बाद मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस के ईरान और दूसरे फारस की खाड़ी के देशों के साथ अच्छे रिश्ते हैं और वह मौजूदा संकट का हल निकालने के लिए दोनों पक्षों के साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं. पुतिन ने कहा, जहां तक ईरान और अमेरिका की बात है, यह बहुत मुश्किल लड़ाई है. यह हमें मुश्किल स्थिति में डालता है क्योंकि ईरान और फारस की खाड़ी के देशों के साथ हमारे अच्छे रिश्ते हैं. हम दोनों तरफ से संपर्क बनाए रखते हैं. मुझे उम्मीद है कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो जाएगी. मेरा मानना है कि कोई भी इसे जारी रखने में दिलचस्पी नहीं रखता है. उन्होंने यह भी कहा कि समझौते अभी भी हो सकते हैं.

ईरान के न्यूक्लियर हथियार बनाने की कथित इच्छा और उसके बॉर्डर न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पुतिन ने 2015 में रूस के पिछले सहयोग पर जोर दिया. साथ ही इस बात पर जोर दिया कि ईरान में बुशहर न्यूक्लियर प्लांट समेत चल रहे एनर्जी के प्रोजेक्ट्स का फोकस शांति है. हमने 2015 में एक बार ऐसा किया था और तब ईरान ने हम पर पूरी तरह और बिना वजह भरोसा किया. हम ईरान में न्यूक्लियर प्रोग्राम जारी रखे हुए हैं. हमने बुशहर का कंस्ट्रक्शन पूरा किया. शांतिपूर्ण एटम पर हमारा काम मौजूदा हालात से प्रभावित नहीं है. हमने 2015 में ऐसा किया था और यह सभी इच्छुक देशों और ईरान के बीच ट्रीटी पर साइन करने की नींव थी. इसने बहुत पॉजिटिव रोल निभाया. मैंने एक बार फिर कहा कि हम इसे दोहराने के लिए तैयार हैं.

## व्लादिमीर पुतिन ने दिए यूक्रेन युद्ध खत्म होने के संकेत, बोले- संघर्ष अंत की ओर

**मॉस्को, मई।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध खत्म होने के संकेत दिए हैं। मॉस्को में विक्ट्री परेड समारोह के बाद एक आश्चर्यजनक बयान देते हुए पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में संघर्ष खत्म होने के करीब है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मामला समाप्त होने वाला है। ये अब तक का सबसे मजबूत संकेत है कि मॉस्को 4 साल से ज्यादा समय तक भीषण लड़ाई के बाद अब बातचीत के जरिए समाधान तलाशने के संकेत दे रहा है।

पुतिन ने कहा, यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। पश्चिमी अभिजात वर्ग ने रूस को कुचलने का जो सपना देखा था, वो विफल हो चुका है। अब वे खुद इस दलदल में फंस चुके हैं। पुतिन के अनुसार, पश्चिमी देशों ने अपने भू-राजनीतिक हितों के लिए यूक्रेन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि रूस के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया और यूक्रेन के हाथों हमला करवाया गया। पुतिन ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन युद्ध की ताजा स्थिति को लेकर भारत, चीन और अमेरिका जैसे प्रमुख देशों को भरोसे में लिया है। उनके मुताबिक, इन देशों के साथ रणनीतिक जानकारी साझा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीले पदार्थ से संबंधित अपराध दर में हिमाचल देश में दूसरे स्थान पर: एनसीआरबी

**शिमला , मई , ।** नशीले पदार्थ से जुड़े अपराधों में हिमाचल प्रदेश वर्ष 2024 में देश में दूसरे स्थान पर रहा।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रति एक लाख अपराध की दर 17.2 रही। वहीं, पड़ोसी राज्य पंजाब प्रति लाख आबादी पर 19.6 मामलों की अपराध दर के साथ इस सूची में शीर्ष पर रहा।

एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चला है कि हिमाचल प्रदेश ने 2024 में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 1,715 मामले दर्ज किए, जिसका अर्थ है प्रति लाख आबादी पर 22.8 की अपराध दर, जो 7.8 की राष्ट्रीय औसत अपराध दर से लगभग तीन गुना है। यह देश में चौथी सबसे अधिक एनडीपीएस अपराध दर है। इस श्रेणी में केरल 27,149 मामलों और प्रति लाख आबादी पर 75.5 मामलों की अपराध दर के साथ देश में पहले स्थान पर है। इसके बाद पंजाब (8,973 मामले, 29 की दर) और मिजोरम (340 मामले, 27 की दर) का स्थान है। हिमाचल में दर्ज कुल एनडीपीएस मामलों में से 423 व्यक्तिगत उपभोग के लिए नशीले पदार्थ रखने से संबंधित थे, जबकि 1,292 मामले तस्करी के उद्देश्य से नशीले पदार्थ रखने से जुड़े थे। एनडीपीएस अधिनियम के तहत तस्करी के लिए नशीले पदार्थ रखने से संबंधित अपराधों की दर में हिमाचल प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। यहां इसकी अपराध दर प्रति लाख जनसंख्या पर 17.2 मामले है, जो राष्ट्रीय औसत से छह गुना अधिक है। वर्ष 2023 में हिमाचल ने 2,146 एनडीपीएस मामले दर्ज किये थे, जिसमें अपराध दर 28.7 थी, जो केरल और पंजाब के बाद देश में तीसरी सबसे अधिक थी। इस प्रकार, 2024 में मामलों की संख्या में 20.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2023 में, 547 मामले व्यक्तिगत उपभोग के लिए और 1,599 मामले तस्करी के लिए नशीले पदार्थ रखने से जुड़े थे। वर्ष 2023 में तस्करी के उद्देश्य से नशीले पदार्थ रखने के मामलों की अपराध दर प्रति लाख आबादी पर 21.4 थी, जो देश में दूसरी सबसे अधिक थी। तब पंजाब 25.3 की अपराध दर के साथ आगे था।

एनसीआरबी के आंकड़ों ने इस पहाड़ी राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी की बढ़ती चुनौती को उजागर किया है, जहां कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पिछले कुछ वर्षों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों को तेज किया है। हिमाचल प्रदेश के पुलिस अधिकारियों ने कई जिलों में युवाओं के बीच सिंथेटिक दवाओं, विशेष रूप से चिट्टा के बढ़ते प्रसार पर बार-बार चिंता व्यक्त की है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस थाने पर आत्मघाती हमला, 3 पुलिसकर्मी की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद, मई।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चरमपंथियों ने एक पुलिस थाने को उड़ाने की कोशिश की, जिसमें मुठभेड़ के दौरान कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।

चरमपंथी विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर बन्नू जिले के फतेहखेल थाने में घुसना चाहते थे। सुरक्षाबलों ने उन्हें पहले ही रोक दिया, जिससे गाड़ी में जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आस-पास के कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद चरमपंथियों ने गोलीबारी भी की।

पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद बड़ी संख्या में चरमपंथियों ने पुलिस थाने पर हमला किया और उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से भी गोलीबारी की गई। गोलीबारी में कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने इस चरमपंथी हमले की कड़ी निंदा की और जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया। अफरीदी ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध यह लड़ाई केवल खैबर पख्तूनख्वा की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की है। उन्होंने यह भी कहा कि बंद कमरों में लिए गए फैसलों और थोपी गई नीतियों ने देश को असुरक्षा के दलदल में धकेल दिया है।



**बेंगलुरु में %आर्ट ऑफ़ लिविंग% के 45वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया।**

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने टीसीएस कन्वर्जन मामले पर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपी!

**मुंबई/नासिक, ।** नेशनल कमीशन फॉर विमेन की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने नासिक में टीसीएस फैसिलिटी में महिलाओं के साथ कथित हैरेसमेंट और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपों की गहरी जांच के बाद मुख्यमंत्री को 50 पेज की रिपोर्ट सौंपी.

मुख्यमंत्री ने कमीशन को भरोसा दिलाया कि कमीशन की सिफारिशों के मुताबिक इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त और असरदार कार्रवाई की जाएगी. नासिक में टीसीएस फैसिलिटी में महिलाओं के साथ कथित उत्पीड़न और जबरदस्ती धर्म ।

## पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, कोर्ट ने सुनाई मौत की सजा

**शिवमोग्गा, मई ।** कर्नाटक में भद्रावती कोर्ट ने पति की हत्या के मामले में एक महिला और उसके प्रेमी को मौत की सजा सुनाई है. आरोप यह था कि, महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की थी. कोर्ट की तरफ से आरोपियों को दोषी ठहराये जाने के उन दोनों को मौत की सजा सुनाई गई. पीड़ित शख्स शिवमोग्गा के भद्रावती में सुरगिनथोपी का रहने वाला था. उसकी पत्नी और उसका प्रेमी दोषी अपराधी है. खबर के मुताबिक, पति उसके रिश्ते में रुकावट डाल रहा था. ऐसे में पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या की योजना बनाई।

## सिरसा में सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी, शहर में गंदगी बढ़ी

**सिरसा मई ।** हरियाणा के सिरसा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार नौवें दिन भी जारी रही, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। गलियों और नालियों में कचरा जमा होने लगा है। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें पक्का किया जाए और स्थायी भर्ती की जाए। उनका आरोप है कि सरकार ने पहले आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक वादा पूरा नहीं किया गया। शनिवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री धरना स्थल पहुंचे। जिला प्रधान मनोज अठवाल ने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कर्मचारियों को हिरासत में लेने पर पुलिस प्रशासन की आलोचना भी की।

## पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आत्मघाती और घात लगाकर किए गए हमले में 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

पेशावर, । पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती और घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, यह घटना बन्नू जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई, जहां विस्फोटकों से भरे एक वाहन को पुलिस चौकी की ओर बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की. इसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया. धमाके की चपेट में आकर आसपास के कई घरों की छत ढह गईं, पुलिस चौकी की इमारत पूरी तरह जमींदोज हो गई जिससे कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए. विस्फोट के तुरंत बाद उग्रवादियों के एक बड़े समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया और उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से भी गोलीबारी की गई. बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हैं.

हालांकि, हमले में कितने चरमपंथी मारे गए या कोई पकड़ा गया, इस बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है. खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने इस चरमपंथी हमले की कड़ी निंदा की और जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया.

अफरीदी ने कहा कि ''आतंकवाद के विरुद्ध'' यह लड़ाई केवल खैबर पख्तूनख्वा की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की है. उन्होंने यह भी कहा कि बंद कमरों में लिए गए फैसलों और थोपी गई नीतियों ने देश को असुरक्षा के दल-दल में धकेल दिया है.उन्होंने कहा, ''हम अपने शहीदों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और आतंकवाद के इस अभिशाप को जड़ से मिटाने तक प्रयास जारी रखेंगे।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस थाने पर आत्मघाती हमला, 3 पुलिसकर्मी की मौत, कई घायल

**दुबई, मई।** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड नौसेना ने चेतावनी दी है कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक पोतों पर कोई भी हमला होने पर इसका जवाब क्षेत्र में स्थित किसी अमेरिकी सैन्य अड्डे और दुश्मन के पोतों पर ''भीषण हमलों'' से दिया जाएगा.ईरान के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह चेतावनी प्रसारित की. इससे एक दिन पहले अमेरिका ने ईरान के दो तेल टैंकरों पर हमला किया था. इसके बावजूद युद्धविराम फिलहाल बरकरार नजर आ रहा है.इस बीच, बहरीन ने कहा कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से कथित संबंध रखने वाले कई लोगों को गिरफ्तार किया है. बहरीन में अमेरिकी नौसेना का क्षेत्रीय मुख्यालय है.शुक्रवार को हुए हमलों के कारण अमेरिका एवं ईरान के बीच के नाजुक युद्धविराम को लेकर संदेह और गहरा गया है. अमेरिका युद्ध समाप्त करने, जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और तेहरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने से जुड़े समझौते के अपने ताजा प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है.अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने ईरान के उन दो टैंकर को निशाना बनाया, जो ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे. इससे कुछ घंटे पहले सेना ने कहा था कि उसने नौसेना के तीन पोतों पर हमलों को नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई में जलडमरूमध्य में ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए. ईरान के सरकारी टेलीविजन के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी है कि उसके तेल टैंकरों या वाणिज्यिक पोतों पर कोई भी हमला होने पर इसका जवाब क्षेत्र में स्थित किसी अमेरिकी सैन्य अड्डे पर और दुश्मन के पोतों पर ''भीषण हमलों'' से दिया जाएगा. इस बीच, बहरीन के गृह मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े एक समूह का सदस्य होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है. मंत्रालय ने कहा कि समूह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए जांच जारी है. बहरीन में सुन्नी मुस्लिम राजशाही का शासन है, लेकिन ईरान की तरह इसकी अधिकांश आबादी शिया है. मानवाधिकार समूहों का कहना है कि बहरीन ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध का बहाना बनाकर देश में असहमति को दबाने का प्रयास किया है. अमेरिका का पांचवां बेड़ा बहरीन में तैनात है. ईरान ने बहरीन को चेतावनी जारी की है. ईरान की संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, ''अमेरिका समर्थित प्रस्ताव का साथ देने के गंभीर परिणाम होंगे. होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा है। इसे हमेशा के लिए अपने लिए बंद करने का जोखिम न लें.'' अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को युद्ध शुरू किए जाने के बाद से ईरान ने वैश्विक ऊर्जा के लिए अहम इस जलमार्ग को काफी हद तक अवरुद्ध कर रखा है, जिससे ईंधन की कीमतों में वैश्विक स्तर पर तेज वृद्धि हुई है. अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी की है. ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में एक युद्धपोत तैनात कर रहा है ताकि वह शत्रुता समाप्त होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक पोतों की सुरक्षा के लिए संभावित मिशन में शामिल हो

## पांच जून तक पूरे हों बाढ़ नियंत्रण कार्य : श्रुति चौधरी

**चंडीगढ़ ,10 मई ।** हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नालियों की सफाई, नदियों से गाद निकालने और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े सभी लंबित कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे किये जायें, ताकि मानसून के दौरान लोगों को परेशानी न हो। 57वीं हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में चौधरी ने बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की अंतिम समीक्षा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो कार्य अभी शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें तुरंत युद्धस्तर पर शुरू किया जाए। साथ ही जल निकासी के लिए जरूरी पंप और पाइपों की खरीद प्रक्रिया भी समय पर पूरी करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यों में देरी या गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधित मुख्य अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के भी निर्देश दिये गये।

## ईडी जांच पर संजीव अरोड़ा की कंपनी की सफाई, कहा-सभी मोबाइल एक्सपोर्ट पूरी तरह सही

नई दिल्ली ,10 मई । पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़ी कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और लगाए गए आरोपों पर पहली बार विस्तार से अपना पक्ष रखा है। कंपनी ने एक आधिकारिक प्रेस बयान जारी कर कहा कि उसे देश की न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और वह जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। कंपनी ने अपने बयान में मोबाइल एक्सपोर्ट कारोबार को लेकर कई अहम दावे किए। हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के मुताबिक उसने मई 2023 में मोबाइल फोन एक्सपोर्ट बिजनेस की शुरुआत की थी। कंपनी ने कहा कि भारत सरकार की %मेक इन इंडिया% पहल और पीएलआई योजना के तहत मोबाइल निर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिला, जिसके चलते उसने इस सेक्टर में कदम रखा। कंपनी ने यह भी कहा कि संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई भारतीय मोबाइल एक्सपोर्ट के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार है। कंपनी का दावा है कि उसने कुल 44,471 असली मोबाइल फोन और एक्सेसरीज का एक्सपोर्ट किया। इनमें एप्पल आईफोन, एयरपॉड्स, सैमसंग और वनप्लस जैसे बड़े ब्रांड्स के डिवाइस शामिल थे। कंपनी के अनुसार सभी शिपमेंट को कस्टम क्लीयरेंस और ओईएम वेरिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। अपने दावों को मजबूत करते हुए कंपनी ने आईएमईआई सत्यापन का भी हवाला दिया। बयान में कहा गया कि हर मोबाइल फोन का यूनिक आईएमईआई नंबर सत्यापित किया गया था। कंपनी के मुताबिक एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियों ने एक्सपोर्टेड डिवाइस के असली आईएमईआई नंबर माना। इतना ही नहीं, कंपनी ने दावा किया कि ये सभी फोन विदेश पहुंचने के बाद एक्टिवेट भी हुए थे। हैम्पटन स्काई रियल्टी ने अपने ऊपर लगे फर्जी निर्यात और राउंड-ट्रिपिंग जैसे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। कंपनी ने कहा कि एक्सपोर्ट से प्राप्त पूरी राशि वैध बैंकिंग माध्यम के जरिए आई थी।

## संपादकीय

# भाजपा क्षमता अब कमजोर

विपक्ष के एकजुट रहने का संदेश है कि जनमत की प्रतिक्रिया उभार कर निर्णायक दबाव बनाने की भाजपा क्षमता अब कमजोर पड़ रही है। मगर प्रधानमंत्री इससे बेखबर नजर आए। नतीजतन, राजनीतिक गतिरोध अब और बढ़ेगा।

अपने 12 साल के कार्यकाल की सबसे बड़ी विधायी पराजय का सामना करने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार आत्म-निरीक्षण करे, तो वह विश्वास, पारदर्शिता, और साफ़गोई का महत्त्व बेहतर ढंग से समझ सकती है। मकसद परिसीमन था, तो उस पर महिला आरक्षण का मुलम्मा चढ़ाने क्या जरूरत थी? विपक्ष चकमा खा जाएगा या महिला विरोधी ना दिखने की जुगत में लोकसभा सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी को अपना समर्थन दे देगा, ऐसी सोच रखना अपनी बुद्धि पर अत्यधिक यकीन ही माना जाएगा। दांव शायद भी था कि चूंकि उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटें सबसे ज्यादा बढ़ने वाली थीं, इसलिए समाजवादी पार्टी अपनी क्षेत्रीय गणना के तहत विपक्षी खेमे से टूट जाएगी। मगर ऐसी सोच साम-दाम- दंड-भेद के नजरिए को जाहिर करती हैं। अब साफ है कि ऐसे नजरिये के कामयाब होते रहने की समयसीमा होती है। बढ़ी आबादी को देखते हुए लोकसभा की सदस्य संख्या में बढ़ोतरी अतार्किक नहीं है। ना ही सैद्धांतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या आधारित परिसीमन का विरोध किया जा सकता है। मगर मुद्दा वो संदर्भ है, जिसमें ये पहल की गई। भाजपा सरकार के व्यवहार एवं नीतियों से राजनीतिक वर्ग में गहरा अविश्वास पैदा हुआ है। संवाद के मंचों को खत्म करना, राज्यपालों के जरिए गैर-भाजपा सरकारों को परेशान करना, मजहब- भाषा आधारित विभाजक एजेंडे को हवा देना, विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग आदि जैसी अनेक प्रवृत्तियां हैं, जिनका साया लोकतंत्र के मूलभूत तकाजों पर पड़ा है। इसका ताजा शिकार परिसीमन की विधायी पहल हुई। बेहतर होता राष्ट्र के नाम प्रसारण में विपक्ष को कोसने के बजाय प्रधानमंत्री इन प्रश्नों पर आत्म-मंथन करते दिखते। नरेंद्र मोदी इस बार विपक्ष के एकजुट रहने का संदेश समझने की कोशिश करते। संदेश यह है कि एजेंडा सेट करने और जनमत की प्रतिक्रिया उभार कर निर्णायक दबाव बनाने की भाजपा क्षमता अब कमजोर पड़ रही है। विपक्ष का आकलन संभवत: यह है कि इन तरीकों से भाजपा जितना ध्रुवीकरण कर सकती थी, कर चुकी। बहरहाल, प्रधानमंत्री इससे बेखबर नजर आए। नतीजतन, गतिरोध और बढ़ेगा। आगे का रास्ता सिर्फ संवाद से संभव है। मगर उसके लिए कम-से-कम इतनी ईमानदारी जरूरी होगी, जिससे दूसरे पक्ष में भरोसा पैदा हो।




# पश्चिम बंगाल: परिवर्तन के साथ पुनर्जागरण

हे नूतन, देखा दिक आर-बार, जन्मेरो प्रथम शुभोखोन (हे नवीन, एक बार फिर से सामने आओ, ठीक उसी तरह जैसे जन्म के समय वह पहला शुभ क्षण आया था।)

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की यह पंक्तियाँ केवल एक कविता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि समय-समय पर स्वत: स्फूर्त और नवीन होने वाली बंगाल की आत्मा का आह्वान भी हैं। गुरुदेव भली-भाँति समझते थे कि बंगाल समय के साथ केवल बदलता नहीं है, बल्कि वह बार-बार बेहतर और नए रूप में पल्लवित होता है। गुरुदेव की जयंती पर गायी जाने वाली यह कविता नवजागरण और नवचेतना की प्रतीक है। यह प्रार्थना पुरानी रूढ़ियों को तोड़कर, नए, उज्ज्वल और रचनात्मक विचारों के स्वागत का आह्वान भी है।

यह एक सुखद संयोग है कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती से कुछ दिन पहले ही, पश्चिम बंगाल कई दशकों के बाद नवजागरण का साक्षी बना है। 4 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव कभी सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं था। यह चुनाव इस महान भूमि के खोए हुए गौरव को पुनर्स्थापित करने का एक अवसर था—एक ऐसा सभ्यतागत आह्वान, जो चुनावी समीकरणों और गणनाओं से कहीं ऊपर है।

आज जब पश्चिम बंगाल की चेतना और गौरव का अरुणोदय हो रहा है, तो हमें इस बात को समझने की आवश्यकता है कि बंगाल क्या है और बंगाल की चेतना का पुनर्जागरण किसे कहा जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है बंगाल की शताब्दियों पुरानी चेतना को समझना और जानना।

बंगाल सामाजिक चेतना का केंद्र होने से पहले ज्ञान और आध्यात्मिकता की पवित्र भूमि थी। 15वीं शताब्दी में नबद्वीप के गंगा तट पर एक युवा संन्यासी निमाई ने अपने कीर्तन के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उस युवा सन्यासी को आज हम आदि संत चैतन्य महाप्रभु के नाम से जानते हैं। चैतन्य महाप्रभु के द्वारा दिखाया गया भक्ति मार्ग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का अभियान भी था। चैतन्य महाप्रभु ने जात-पात और ऊंच-नीच के बंधनों को तोड़ा। उनके द्वारा प्रवाहित वैष्णव परंपरा ने समाज में करुणा, समावेशिता, समता और सद्भावना को बल दिया।

यही चेतना बाउल परंपरा में भी दिखाई दी। बाउल परंपरा के फकीरों की पहचान जाति, धर्म या कोई ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता की भावना थी। बाउल परंपरा के सबसे महान प्रवर्तक लालन फकीर थे। वे किस संप्रदाय से थे, यह प्रश्न कभी महत्वपूर्ण नहीं रहा। उन्होंने हिंदु समाज में प्रचलित जाति व्यवस्था का भी विरोध किया तथा मुस्लिम समाज में होने वाले भेदभाव के खिलाफ भी आवाज उठायी। वे बंगाल की उस सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक थे, जिसमें सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का भाव समाहित था।

विगत तीन शताब्दियों में, बंगाल और बंगाल के लोगों ने केवल भारत के सामाजिक नवजागरण आंदोलन में भाग ही नहीं लिया, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया। जब समाज अपनी जड़ता, कुरीतियों और विकृत परंपराओं के बोझ तले दब चुका था, तब राजा राममोहन राय ने न तो परंपरा का समूल रूप से परित्याग किया और न ही तर्कशून्य तरीके से उसको उचित ठहराया। उन्होंने लोगों को आत्मबोध कराकर, समाज को भीतर से सुधारने का मार्ग चुना। उनका संदेश स्पष्ट था — समाज का पुनर्जन्म बाहर से नहीं, भीतर की चेतना से होता है। सती प्रथा जैसी अमानवीय कुरीति के विरुद्ध उनका संघर्ष केवल समाज सुधार से जुड़ा आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनर्जीवित करने का एक तप था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि मुक्ति का मंत्र बना दिया। उन्होंने शिक्षा को नारी शक्ति के उत्थान, सशक्तिकरण और मुक्ति का साधन बना दिया।

बंगाल के ही बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम् जैसा अमर मंत्र राष्ट्र को दिया। वंदे मातरम् वह गीत था जिसने ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को बल दिया और सदियों से सोये हुए देश को जगा दिया। यह गीत आज भी भारत की अंतर-आत्मा का स्वर है। बंगाल ने ही भारत की सबसे पहली महिला चिकित्सक डॉ. कादम्बिनी गांगुली जी को जन्म दिया, जिन्होंने सभी को, विशेषकर महिलाओं को, प्रेरित किया। बंगाल की ही धरती पर जन्मे, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

संभवत: बंगाल की धरती ने जितनी भी विलक्षण प्रतिभाओं और महान लोगों को जन्म दिया, उनमें सबसे देदीप्यमान और प्रबुद्ध स्वामी विवेकानंद को कहा जा सकता है। शिकागो में दिया गया उनका भाषण इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने पूरे विश्व को वेदान्त और भारत के महान सभ्यतागत मूल्यों से परिचित कराया।

यह सब बातें बंगाल की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। यही उसकी सनातन और शाश्वत पहचान रही है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल को इसी दृष्टि से देखते हैं। यह अतीत में लौटने की आकांक्षा नहीं है, न ही यह आधुनिकता की चाह में परायी सभ्यता की प्रतिछाया बनने की लालसा है। यह वह दृष्टि है जो बंगाल को पुन: जागृत करना चाहती है ताकि वह अपने पूर्ण सामर्थ्य के बल पर फिर से अपने सर्वोच्च वैभव को प्राप्त कर सके।

दुर्भाग्यवश, लंबे समय तक बंगाल के कुछ बुद्धिजीवियों और राजनीतिक वर्गों ने अपनी ही सांस्कृतिक विरासत को बोझ समझा और उसे हेय दृष्टि से देखा। सभ्यता, धर्म, संस्कृति और बंगाल की चेतना की बात करने वाले लोगों और उनकी आवाज को दबाया गया। परंपरा को पिछड़ापन समझा गया और आधुनिकता के नाम पर औपनिवेशिक मानसिकता को बढ़ावा दिया गया। परिणामस्वरूप पश्चिम बंगाल ने दशकों तक विकासहीनता, अराजकता, संस्थागत पतन और वैचारिक जड़ता का दंश झेला।

बंगाल में हुआ यह चुनाव और परिवर्तन सिर्फ राजनीतिक सत्ता का हस्तांतरण नहीं हैं। बल्कि यह ऐसे लोगों के खिलाफ जनादेश भी है जिन्होंने बंगाल को उसके मूल से दूर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव सत्ता की लड़ाई नहीं थी, बल्कि पश्चिम बंगाल के गौरव और विरासत को पुनर्स्थापित करने का यज्ञ था।

बेलूर मठ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मिक जुड़ाव, स्वामी विवेकानंद के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा और सुशासन को 'सेवा' के रूप में देखने का उनका दृष्टिकोण — ये सभी इस बात के प्रमाण हैं कि 'प्रधान सेवक' बंगाल के विकास और पुनर्जागरण को एक पावन दायित्व मानते हैं, जिसे वे अपने 'प्रधान धर्म' और 'प्रधान कर्म' के रूप में निभा रहे हैं।

इसलिए बंगाल के विकास और पुनर्निर्माण का अर्थ कई दशकों से उपेक्षित और जीर्ण-शीर्ण हो चुके इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तो है ही, साथ ही इसका अर्थ उन घाटों को पुनर्जीवित करना भी है जहाँ चैतन्य महाप्रभु के कीर्तन ने लोगों को भाव-विभोर किया था। इसका अर्थ उन शैक्षणिक संस्थानों को सशक्त करना भी है जिनका स्वप्न ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने देखा था। इसका अर्थ उन आदिवासी भाइयों-बहनों को गरिमा, सम्मान और अवसर देना भी है जो सदियों से बंगाल में रहते आए हैं। इसका अर्थ लंबे समय से उपेक्षा झेल रहे पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना भी है।

पिछले कुछ दशकों में भय और कुशासन के कारण ऐसा प्रतीत होने लगा था मानो पश्चिम बंगाल का स्वर्णिम युग बीत चुका हो।

## व्यापार

# रेलवे का बड़ा धमाका : अब 1 मिनट में बुक होंगे 1.5 लाख टिकट, अगस्त 2026 से रिटायर होगा 40 साल पुराना सिस्टम

नई दिल्ली ,10 मई ,। भारतीय रेलवे अपने करोड़ों यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी में है। अगर आप भी टिकट बुक करते समय स्लो सर्वर और वेटिंग लिस्ट की लंबी कतारों से परेशान रहते हैं, तो आपके लिए बड़ी खुशखबरी है। रेलवे मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह अपने 40 साल पुराने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (क्क्रस्) को पूरी तरह अपग्रेड करने जा रहा है। अगस्त 2026 से एक नया हाईटेक और सुपरफास्ट टिकट बुकिंग सिस्टम शुरू होगा, जो मौजूदा तकनीक की कमियों को दूर कर देगा। आपको बता दें कि वर्तमान सिस्टम साल 1986 में बनाया गया था, जो अब आधुनिक ट्रैफिक का दबाव झेलने में संघर्ष कर रहा है।

**बुकिंग की रफ्तार में आएगा 5 गुना उछाल**

रेलवे के इस नए और आधुनिक सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत इसकी अविश्वसनीय स्पीड होगी। अभी का सिस्टम एक मिनट में करीब 32 हजार टिकट ही बुक कर पाता है, लेकिन नया हाईटेक सिस्टम एक मिनट में 1.5 लाख से ज्यादा टिकट बुक करने की क्षमता रखेगा। सिर्फ बुकिंग ही नहीं, बल्कि पूछताछ की क्षमता (ढ्ढठ्ठह्नह्वद्बह्म्4 ष्टड्डश्चड्डष्द्बह्ल4) में भी भारी इजाफा किया जा रहा है। नया सिस्टम एक मिनट में 40 लाख से ज्यादा इंक्वायरी रिक्वेस्ट संभाल सकेगा। इसका सबसे बड़ा फायदा उन यात्रियों को मिलेगा जो तत्काल टिकट बुक करते हैं, क्योंकि अब पीक आवर्स में वेबसाइट और ऐप के 'हैंग' होने की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी।

**ढ्ढ तकनीक से पता चलेगा टिकट कन्फर्म होने का चांस**

रेलवे का नया सिस्टम न सिर्फ तेज होगा, बल्कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) जैसी स्मार्ट तकनीक से भी लैस होगा। रेलवे ने अपने ऋड्डद्यह्लठ्ठ.श्च्च में वेटलिस्ट कन्फर्मेशन प्रेडिक्शन फीचर को और भी सटीक बना दिया है। अब यात्री 94 प्रतिशत तक की सटीकता के साथ यह जान सकेंगे कि उनकी वेटिंग टिकट कन्फर्म होगी या नहीं। पिछले साल लॉन्च हुए इस ऐप को अब तक 3.5 करोड़ से ज्यादा लोग डाउनलोड कर चुके हैं, जिससे टिकट बुकिंग, रिफंड और लाइव ट्रेन स्टेटस जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल रही हैं।

**सुरक्षा और रिफंड की प्रक्रिया होगी और भी आसान**

नए रिजर्वेशन सिस्टम में सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। टिकटों की कालाबाजारी और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ओटीपी (ह्रञ्जक्क) आधारित टिकटिंग और वेरिफाइड यूजर जैसे फीचर्स को और भी मजबूत बनाया जा रहा है। इसके अलावा, यात्रियों के लिए सबसे बड़ी राहत रिफंड की प्रक्रिया में होगी। नए सिस्टम के जरिए टिकट कैंसिल कराने पर रिफंड का पैसा पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा तेजी से सीधे यात्री के खाते में पहुंचेगा। रेलवे का दावा है कि यह नया ढांचा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि आने वाले कई दशकों तक यात्रियों को निर्बाध सेवा मिल सके।

## एसयूवी के क्रेज पर भारी पड़ी डिजायर, अप्रैल 2026 में इन 5 कारों ने मचाया धमाल, देखें पूरी लिस्ट

नई दिल्ली ,10 मई ,। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में एसयूवी गाड़ियों के बढ़ते चलन के बीच सेडान और हैचबैक कारों ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी है। अप्रैल 2026 के बिक्री आंकड़ों ने सबको चौंका दिया है, जहां मारुति सुजुकी की एक पुरानी खिलाड़ी ने सबको पीछे छोड़ दिया है। ग्राहकों का भरोसा अब भी उन गाड़ियों पर बरकरार है जो बेहतर माइलेज और कम बजट में शानदार फीचर्स के साथ आती हैं।

**नंबर 1 पर काबिज हुई मारुति सुजुकी डिजायर**

मारुति सुजुकी डिजायर अप्रैल 2026 में भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनकर उभरी है। इस महीने डिजायर की कुल 23,580 यूनिट्स की बिक्री हुई है, जो पिछले साल के मुकाबले 39त्न की जबरदस्त सालाना बढ़ोतरी दर्शाती है। दिलचस्प बात यह है कि बाजार में हर तरफ एसयूवी का शोर होने के बावजूद मध्यमवर्गीय खरीदार अपने बेहतरीन माइलेज, कम रखरखाव खर्च और आरामदायक रियर-सीट के चलते डिजायर को ही अपनी पहली पसंद बना रहे हैं।

**टाटा पंच ने दूसरे स्थान पर जमाया कब्जा**

कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में टाटा पंच का जलवा बरकरार है। इस कार ने 19,107 यूनिट्स की बिक्री के साथ लिस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया है। टाटा पंच ने इस साल 53त्न की शानदार वार्षिक ग्रोथ दर्ज की है। ऊंची सीटिंग पोजीशन और मस्कुलर एसयूवी स्टाइल की चाह रखने वाले ग्राहकों के लिए पंच एक

# अब एयरपोण्डस में मिलेगा कैमरा, एप्पल के इस धांसू एआई फीचर को जानकर आप भी कहेंगे 'वाह'

नई दिल्ली ,10 मई ,। अगर आप एप्पल के प्रोडक्ट्स के दीवाने हैं, तो आपके लिए एक बेहद ही शानदार खबर है। एप्पल इन दिनों एक ऐसे अनोखे एयरपॉड्स (द्बक्कशस्रह्य) पर काम कर रहा है, जिसमें इन-बिल्ट कैमरा लगा होगा। इन खास एयरपॉड्स को लेकर लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन अब लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी इन बड्स के डेवलपमेंट के फाइनल स्टेज में पहुंच गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इन नए एयरपॉड्स की टेस्टिंग जोरों पर है और इसका डिजाइन व काम करने का तरीका लगभग फाइनल हो चुका है। इन नए बड्स को अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा।

**सेल्फी के लिए नहीं, बल्कि सिरी की 'आंखों' का करेगा काम**

आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर कान में लगने वाले बड्स में कैमरे का क्या काम? दरअसल, एप्पल के इन नए एयरपॉड्स में दिया गया कैमरा आपकी सेल्फी लेने या कोई वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए नहीं होगा। यह खास कैमरा एप्पल के एआई असिस्टेंट 'सिरी' की आंखों की तरह काम करेगा। इस इन-बिल्ट कैमरे की मदद से सिरी आपके आसपास मौजूद चीजों को स्कैन कर सकेगा और उसकी सटीक डिटेल्स तुरंत आपके साथ शेयर कर देगा। प्राइवेसी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन बड्स में एक छोटी एलईडी (स्रश्वष्ठ) लाइट भी लगाई गई है। जैसे ही एयरपॉड्स का कैमरा ऑन होगा, यह लाइट जल जाएगी ताकि लोगों को पता चल सके कि कैमरा एक्टिव है।

**ChatGPT की तरह पल भर में देगा हर जानकारी**

एप्पल का यह नया विजन काफी हद तक ओपनएआई और चैटजीपीटी के लाइव विजुअल मोड की तरह ही काम करता है। इसकी कार्यप्रणाली बेहद दिलचस्प है। उदाहरण के लिए, यदि आप किसी नई लोकेशन या बाजार में जाते हैं और वहां कोई ऐसी अनोखी चीज देखते हैं जिसके बारे में आपको कोई जानकारी नहीं है, तो कैमरे की मदद से आप तुरंत उसके बारे में सब कुछ जान सकेंगे। इतना ही नहीं, यह स्मार्ट डिवाइस यूजर्स को उन पलों या चीजों को भी याद दिलाने में मदद करेगा जिन्हें वे पहले देख चुके हैं लेकिन उस

## जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय जनता पार्टी की श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल जीतकर जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दे दी है। 1953 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक स्व गुरु गोलवलकर के कहने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिल्ली में जनसंघ की स्थापना की थी , तत्कालीन समय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदू महासभाई थे और उन्होंने कश्मीर के मुद्दे पर नेहरू मंत्री परिषद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि गुरु गोलवलकर भारतीय राजनीति में संघ को नहीं भागीदार बनाना चाहते थे।गुरु गोलवलकर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दीनदयाल उपाध्याय, सुंदर सिंह भंडारी, लालकृष्ण आडवाणी, बलराज माधोक, और अटल बिहारी वाजपेई को जनसंघ भेज दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोलकाता के एक धनाढ्य ब्राह्मण परिवार से थे। कश्मीर आंदोलन में वे नगर गिरफ्तार हो गए तब अटल बिहारी वाजपेई उनके साथ थे । संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई नगर अस्पताल में।

तब से जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का नारा था कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है । क्योंकि जम्मू कश्मीर को भारतीय संविधान में विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त था उसके मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री और झंडा, पृथक था और यह सब उसे संविधान का अनुच्छेद 370 तहत हासिल था।जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 05 अगस्त 2019 को संसद में बिल पारित कर विलोपित कर दिया है। अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि बंगाल जितने का सपना अधूरा रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने 04 मई 2026 को बंगाल विधानसभा चुनाव जीतकर यह सपना भी पूरा कर दिया है। विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बंगाल विजय सभा में पोस्टर था जहां जन्मे मुखर्जी वह बंगाल हमारा है भारतीय जनता पार्टी के पथम राष्ट्रीय महासचिव दीनदयाल उपाध्याय का सपना रहा कि अंग,बंग, और कलिंग में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो (अंग )बिहार( बंग)बंगाल ( कलिंग) ओडिशा आज सरकार है ।अशोक सिंघल, लालकृष्ण आडवाणी का सपना था अयोध्या में भव्य रामलाला का मंदिर बने । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नेताओं और पूर्वजों के सपने साकार कर दिए।

उन्होंने अटलजी की एनडीए की परिकल्पना को साकार कर दिया और अब उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, असम उड़ीसा, नागालैंग, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश,गोवा, अंडमान निकोबार, दमन द्वीप, नगर हवेली, चंडीगढ़,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

यह सब एक दिन नहीं हुआ बल्कि तीन पीढ़ियां खप गई।

1998 में अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने ममता बनर्जी को आगे कर तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौता कर चुनाव लड़ा तत्कालीन समय में पश्चिमी बंगाल में सीपीएम, सीपीई, आरएसपी लेफ्ट की सरकार थी।जैसा कि वही समय बिहार से नीतीश कुमार को आगे कर समता पार्टी से समझौता किया उसी समय भाजपा की बीजेडी के साथ ओडिशा में भी सरकार थी। तत्कालीन समय में केंद्रीय प्रचारक प्यारेलाल खंडेलवाल ने नवीन पटनायक से समझोता किया था। लेकिन नीतीश कुमार के अलावा सभी प्रयोग बंगाल, ओडिशा में असफल हो गए। ममता बनर्जी ने 2001 का चुनाव कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा ।2006 के विधानसभा चुनाव में सीपीएम, सीपीई ऋस्क्रने ज्योति बसु को संन्यास दिला दिया तत्कालीन समय में बासुदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री बने ।2011 में ममता बनर्जी ने लेफ्ट पार्टियों की सरकार उखाड़ दिया ।2011से 2026 तक 15 वर्ष लगातार मुख्यमंत्री रही ममता बनर्जी ।2021 के चुनावों बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 77 सीट जीती और 40 फीसदी वोट मिले ।2026 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस को 206 सीट लाकर हरा दिया।

# मध्य प्रदेश में 18 साल बाद निकली संगीत-नृत्य शिक्षकों की भर्ती, अब जॉइनिंग अटकी, नियम 3 का बीत गए 10 माह




**भोपाल10 मई ।** मध्य प्रदेश में करीब 18-19 साल बाद निकली संगीत और नृत्य शिक्षकों की भर्ती अब नियुक्ति आदेशों में देरी के कारण विवादों में आ गई है। माध्यमिक शिक्षक (संगीत-गायन वादन) और प्राथमिक शिक्षक (संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) भर्ती 2024 के चयनित अभ्यर्थी नियुक्ती की मांग कर रहे हैं। चयनित उम्मीदवारों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उन्हें अब तक जॉइनिंग नहीं दी गई।

**2022 में निकला था विज्ञापन**

अभ्यर्थियों के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया 2022 में विज्ञापन जारी होने के साथ शुरू हुई थी। इसके बाद 2023 में पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। अप्रैल 2025 में चयन परीक्षा हुई और सितंबर 2025 में परिणाम घोषित किए गए। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए गए।

नियम में 3 महीने, बीत गए 10 महीने

चयनित अभ्यर्थियों ने परीक्षा संचालन नियम पुस्तिका के नियम 3.28 का हवाला देते हुए कहा कि चयन सूची जारी होने के तीन महीने के भीतर नियुक्ति आदेश जारी होना चाहिए। इसके बावजूद 9 से 10 महीने गुजर जाने के बाद भी पात्र-अपात्र सूची तक जारी नहीं हुई और चॉइस फिलिंग भी शुरू नहीं हो सकी।

**दूसरे विषयों की जॉइनिंग हो गई, हमें क्यों रोका**

अभ्यर्थियों ने सवाल उठाया कि जब अन्य विषयों की भर्ती प्रक्रिया साथ चली, परिणाम साथ आए और दस्तावेज सत्यापन भी एक साथ हुआ, तो केवल संगीत और नृत्य विषय के चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति क्यों रोकी गई। उनका आरोप है कि विभाग लगातार सिर्फ आश्वासन दे रहा है।

## मैपकास्ट में सोमवार को मनाया जाएगा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**भोपाल10 मई ।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) द्वारा सोमवार, 11 मई को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। विज्ञान भवन के मुख्य सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भोपाल शहर के 27 प्रमुख शिक्षण संस्थानों के 250 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। मैपकास्ट की 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लोकव्यापीकरण' योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। परिषद के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेक कटारे और विज्ञान लोकव्यापीकरण योजना के प्रभारी डॉ. विकास शेंडे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और भारत द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

## एमपी ट्रांसको ने सेमरी हरचंद सब स्टेशन पर किया तीसरा पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृतः ऊर्जा मंत्री तोमर

**नर्मदापुरम 10 मई ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने नर्मदापुरम जिले की विद्युत पारेषण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन सेमरी हरचंद में तीसरे पॉवर ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत कर दिया है। तोमर ने बताया कि इस पॉवर ट्रांसफार्मर के चालू होने से विश्व प्रसिद्ध मड़ई वाइल्डलाइफ अभयारण्य सहित सेमरी हरचंद सबस्टेशन से जुड़े अनेक ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और मानक वोल्टेज पर अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य ने बताया कि इस क्षमता वृद्धि के बाद सेमरी हरचंद सब स्टेशन की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 100 एमव्हीए हो गई है। साथ ही नर्मदापुरम जिले की कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 2000 एमवीए के पार हो गई है। साथ ही 2015 एमवीए क्षमता के साथ जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनेगी। एमपी ट्रांसको द्वारा नर्मदापुरम जिले में 220 केवी के तीन प्रमुख सब स्टेशन नर्मदापुरम, इटारसी, एवं पिपरिया तथा 132 केवी के छह सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण किया जा रहा है।

## हाथी ने पेयजल लाइन तोड़ी, गजरोड़ा व खेड़ा गांव में पेयजल संकट

**कोटद्वार,10 मई ।** कोटद्वार रिखणीखाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत कांडा के गांवों में हाथी की दहशत फैली है। शनिवार को हाथी ने गजरोड़ा व खेड़ा गांव की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त कर दी जिससे दोनों गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। हाथी की दहशत के ग्रामीण प्राकृतिक स्रोत से भी पानी नहीं ले पा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को आबादी क्षेत्र से दूर खदेड़ने व पेयजल लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत कांडा की प्रधान बिनीता ध्यानी व सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अंबिका प्रसाद ध्यानी ने बताया कि पिछले 15 दिनों से ग्रामसभा में हाथी की दहशत है। हाथी ने पूर्व में गजरोड़ा, बैड़वाड़ी, ढौंर व कूंछापाणी में बगीचे को नुकसान पहुंचाया था। शनिवार को हाथी ने गजरोड़ा व खेड़ा गांव की पेयजल लाइन के पांच पाइप तोड़ डाले जिससे पानी टैंक तक नहीं पहुंच पा रहा है। गजरोड़ा के सात परिवारों व खेड़ा के 25 परिवारों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। प्राकृतिक स्रोत से सिर पर पानी ढोने में भी हाथी व अजगर का खतरा बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से हाथी को आबादी क्षेत्र से दूर खदेड़ने व क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आवारा कुत्तों के हमले में बच्चा घायल

**कानपुर 10 मई ।** बर्रा स्थित विश्वबैंक डी-ब्लॉक में रविवार सुबह आवारा कुत्तों के हमले में 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चा मोहल्ले के पार्क में खेलने गया था, तभी तीन कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे के हाथ, पैर, कंधे और कमर पर कई जगह काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद युवकों ने डंडे और क्रिकेट बैट से कुत्तों को भगाकर बच्चे की जान बचाई। इसके बाद घायल बच्चे को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे के शरीर पर 25 से अधिक दांत के निशान हैं और छह जगह गंभीर घाव मिले हैं। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद अर्पित यादव मौके पर पहुंचे और नगर निगम की टीम को बुलाया। नगर निगम के दस्ते ने इलाके से कई आवारा कुत्तों को पकड़कर हटाया।पार्षद ने कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे कुत्तों को पकड़ने के साथ उनके स्थायी रखरखाव की व्यवस्था करने की मांग की है।

आज जो घटना हुई है वह बेहद गंभीर और चिंताजनक है। एक मासूम बच्चा आवारा कुत्तों के हमले में बुरी तरह घायल हो गया। मैं मौके पर तुरंत पहुंचा और नगर निगम की टीम को बुलाकर कुत्तों को पकड़वाया। लेकिन यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जब भी हम कार्रवाई करते हैं, कुछ लोग विरोध करते हैं, जिससे कार्रवाई पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाती। मेरी मांग है कि ऐसे कटखने आवारा कुत्तों को केवल पकड़ना ही नहीं बल्कि उनके स्थायी रखरखाव की व्यवस्था भी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी और मासूम के साथ ऐसी घटना न हो।

### पीजीटी परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण संपन्न

**कानपुर 10 मई** (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित पीजीटी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। सुबह 9:30 बजे शुरू हुई परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गई।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने रात में किया सिविल अस्पताल हजीरा, बिरला नगर सहित विद्युत केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**ग्वालियर 10 मई ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार देर रात अचानक निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेंटेनेंस, विद्युत सप्लाई और शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी। ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने मौके से ही अस्पताल प्रभारी डा. प्रशांत नायक को फोन लगाकर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने केवल मशीनों का ही नहीं, बल्कि मानव संसाधन का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से सवाल किया कि रात के समय अस्पताल में कितना स्टाफ तैनात रहता है। इमरजेंसी में बैकअप की क्या तैयारी है। क्या सभी जरूरी जीवन रक्षक दवाएं स्टाक में उपलब्ध हैं।




**मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भैरुंदा (सीहोर) में क्लस्टर-ड्रिप प्रोजेक्ट के शुभारंभ अवसर पर पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।**

## नशा तस्करों की 25 लाख रुपये की संपत्ति सील

**कोटद्वार,10 मई ।** लैंसडौन कोतवाली पुलिस ने डेरियाखाल-रिखणीखाल मार्ग पर 89.81 किलोग्राम गांजा पकड़े जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों की 25 लाख रुपये की संपत्ति सील कर दी है। पुलिस इस प्रकरण में नशा तस्करों, सप्लायर्स समेत कुल सात आरोपियों को जेल भेज चुकी है। कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने विगत 12 मार्च को चेकिंग के दौरान डेरियाखाल-रिखणीखाल मार्ग पर 89.81 किग्रा. गांजा बरामद किया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर नशा तस्करों समेत सप्लाई में शामिल सात आरोपियों को जेल भेज चुकी है। विवेचना अधिकारी द्वारा की जा रही जांच में आरोपियों की काफी संपत्ति नशे के कारोबार से अर्जित होना पाया गया। पुलिस ने इन अवैध संपत्तियों को जब्त करने के लिए भारत सरकार के कार्यालय सक्षम प्राधिकरण व प्रशासक नई दिल्ली न्याय निर्णायक प्रधिकारी को धारा-68 (एफ) एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट सही पाए जाने पर संबंधित आरोपियों की करीब 23 लाख रुपये मूल्य की पांच कारें और बैंक में जमा 2.07 लाख रुपये की धनराशि को सीज/जब्त करने के आदेश दिए गए थे।

यह है मामला-- लैंसडौन पुलिस एवं सीआईयू टीम द्वारा 12 मार्च को चलाए गए चेकिंग अभियान में डेरियाखाल-रिखणीखाल मार्ग पर दो वाहनों की तलाशी के दौरान वाहन चालक यशवंत सिंह की कार से कुल 59.39 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था जबकि वाहन चालक लव कुमार की कार से 30.42 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था।

## मदर्स डे पर थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान-महादान शिविर और पीड़ितों की माँ 09 योद्धा महिला को सम्मानित

**रांची 10 मई ।** मदर्स डे पर लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के द्वारा मदर्स डे विशेष पर रक्तदान शिविर सह माँ एवं रक्तवीर का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नदीम खान ने किया,स्वागत श्रुति देवी(संचालिका, मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र,सदर अस्पताल रांची) एवं धन्यवाद थैलेसीमिया पीड़ित की माँ सीमा देवी ने किया। कार्यक्रम में रांची सदर अस्पताल ब्लड बैंक रांची में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान-महादान शिविर आयोजित हुआ जिसमें रक्तवीर डॉ दानिश रहमानी के नेतृत्व में 8 जूनियर डॉक्टरों एवं इंजीनियर ने रक्तदान किया,जबकि 3 अतिरिक्त रक्तदान आवेदन का होमोग्लोबिन कम/दवा सेवन की वजह से रक्तदान नही हुआ। रक्तदाता में डॉ दानिश रहमानी ,डॉ अभिषेक कुमार,डॉ एहसान अहमद,प्रभात कुमार,शोएब अखुतर,दानिश अखुतर ,इंजीनियर शाहनवाज अब्बास। थैलेसीमिया-सिकल सेल पीड़ितों की माँ समेत सिंगल-घरेलू हिंसा एवं कामकाजी 09 योद्धा माँ को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें रीना कच्छप,देवकी देवी,सीमा देवी,शम्मा प्रवीण,निग़ार सुल्ताना,बिमला कच्छप,फ़रिहाया बिलकिस,ललिता देवी एवं रूबी प्रवीण। थैलेसीमिया-सिकल सेल एवं रक्त विकार रोग से पीड़ित माँ के लाल को रक्तदान करने वाले 13 रक्तवीर को योद्धा माँ के द्वारा मैडल एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

## शिक्षा और पर्यटन मंत्री ने किया डिग्री कॉलेज भवन का लोकार्पण

**कोटद्वार,10 मई ।** लोनिवि व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से राजकीय डिग्री कॉलेज खैरासैंण, सतपुली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। रविवार को आयोजित समारोह में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सतपुली झील समेत अनेक रोजगारपरक योजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन योजनाओं के पूरा होते ही क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान मिलेगी। राजकीय डिग्री कॉलेज प्रबंधन की ओर से ओपन जिम, मैदान पर इंटरलॉकिंग टाइल्स, सड़क से कॉलेज परिसर तक मार्ग का सुदृढ़ीकरण, छात्रों के लिए हॉस्टल समेत कॉलेज विकास से जुड़ी कुछ मांगें उच्च शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेश सचिव जगमोहन रावत, ब्लॉक प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सजवाण, युवा नेता सुयश रावत, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र टम्टा, निदेशक उच्च शिक्षा बीएन खाली, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार मौजूद रहे।

## व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन पर बच्चों ने दिखाया हुनर

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा विगत 25 वर्षों से चित्रकूट में प्रतिवर्ष व्यक्तित्व विकास शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बालक-बालिकाओं में मानवीय, सामाजिक और वैज्ञानिक गुणों को विकसित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने की दृष्टि से रामनाथ आश्रमशाला में दिनांक 24 अप्रैल से 10 मई तक व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के सातत जिलों एवं चित्रकूट की 50 किमी परिधि के 85 ग्राम पंचायतों से 133 बालक एवं 87 बालिकाओं ने सम्मिलित होकर संगीत, गायन, वादन, नृत्य, डम्बल, लेजिम, मेहंदी, रंगोली, अंग्रेजी सम्भाषण, चित्रकला, मूर्तिकला कम्प्यूटर, घोष आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर का समापन दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित रामनाथ आश्रमशाला के खेल प्रांगण में बच्चों की मनमोहक कलाओं के प्रदर्शन के साथ हुआ। शिविराधिकारी द्वारा शिविर आख्या का वाचन किया गया। शारीरिक प्रदर्शनों से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अलग-अलग समूहों में शारीरिक प्रशिक्षक राधेश्याम बाघमारे, निखिल मिश्र, वीरेंद्र प्रजापति एवं दशरथ प्रजापति के नेतृत्व में लेजिम, योगासन, डम्बल, पिरामिड, आग का गोला, मोटरसाइकिल की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। गीत की धुन पर योगचाप का प्रदर्शन तथा विद्या, आयु, प्रज्ञा एवं बल की वृद्धि के लिये सामूहिक सूर्य नमस्कार, पीटी के साथ कदम से कदम, ताल से ताल, स्वर से स्वर मिलाकर सभी बच्चों ने डम्बल, लेजिम का प्रदर्शन किया। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई। समापन समारोह के भव्य मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारत की विविधताओं वाली एकात्म संस्कृति का दर्शन उपस्थित जनसमुदाय ने किया। इन सभी के बीच तबला, हारमोनियम एवं ढोलक वादन की प्रस्तुतियां अनोखे ढंग से हुई। भारत की प्रकृति संरक्षण, संस्कृतिक एवं राष्ट्रगौरव की रक्षा हेतु विभिन्न गीत भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये। समापन अवसर पर शिविर के प्रशिक्षकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। मेंहदी, रंगोली एवं चित्रकला प्रशिक्षण के अन्तर्गत शिविरार्थी बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

शिविराधिकारी केके बाजपेई ने कहा कि शिविर में शारीरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ अलग प्रकार के विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण शिविरार्थियों ने समूहों में प्राप्त किया। शिविर के बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि विभिन्न सत्रों में बौद्धिक के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिला। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने प्रत्येक दिवस शिविर की व्यवस्थाओं का अनुश्रवण किया एवं बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी लगन एवं परिश्रम से यहाँ जो भी सीख रहे हैं अपने अपने क्षेत्रों में जाकर उसे आगे बढ़ाएं। महंत दिव्यजीवन दास दिगंबर अखाड़ा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम की इस अलौकिक, ऊर्जावान पावन भूमि में राष्ट्रऋषि भारतरत्न नाना जी देशमुख ने भगवान राम की तरह राजसी भोग का त्याग करके ग्रामीण अंचल के विकास के लिए जो संकल्प लिया वह आज फलीभूत हो रहे हैं।

## मदर्स डे पर मां को सम्मान और नशा मुक्ति का संदेश

**कानपुर 10 मई ।** मदर्स डे के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मां के सम्मान, उनकी भूमिका और नशा मुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कार्यक्रम में योग गुरु ज्योति बाबा ने कहा कि मां कोई बोझ नहीं, बल्कि बराबरी का सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की मां सिर्फ घर तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑफिस और परिवार दोनों की जिम्मेदारी निभा रही है।ज्योति बाबा ने कहा कि मां को मैनेजर नहीं, इंसान समझने की जरूरत है और इस मदर्स डे पर सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि लोग नशे की आदतों को छोड़ें। उन्होंने कहा, मां के लिए सबसे बड़ा गिफ्ट यही है कि पान मसाला और नशा छोड़ दिया जाए। कार्यक्रम में बताया गया कि आज की महिलाएं घर और काम दोनों जगह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं, इसलिए उनके कंधों से बोझ कम करना जरूरी है। विशेषज्ञों ने भी मां के योगदान को सम्मान देने और उन्हें एक दिन की राहत देने की अपील की।संगोष्ठी में नशा मुक्ति को लेकर संकल्प भी दिलाया गया और लोगों से अपील की गई कि वे अपनी आदतों को सुधारकर परिवार और समाज को बेहतर बनाएं।

## महागामा में कांग्रेस का संवाद सह बूथ-2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित, मतदाता अधिकारों की रक्षा को लेकर कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

**महागामा 10 मई ।** महागामा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा आज महागामा में संवाद सह बूथ-2 (बूथ लेवल एजेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में कांग्रेस के बूथ एजेंटों, पंचायत अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देना और मतदाता सूची में हो रही संभावित अनियमितताओं के प्रति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सजग और प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान बूथ एजेंटों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने, पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर वोट का अपना महत्व है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए। उन्होंने बूथ लेवल एजेंटों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम किसी भी परिस्थिति में मतदाता सूची से न कटे। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से यदि किसी प्रकार की साजिश कर मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो उसे बूथ स्तर पर जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती के माध्यम से विफल किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया की सभी बारीकियों को समझना होगा और जरूरत पड़ने पर हर पात्र मतदाता की सहायता करनी होगी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यदि संगठन और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना है, तो प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ मैदान में उतरना होगा। उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और इसे सुरक्षित रखना कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आरसीबी ने मुंबई को दो विकेट से हराया, क्रुणाल पांड्या का शानदार अर्धशतक

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई ने 166 रन बनाए, जवाब में आरसीबी ने आठ विकेट खोकर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आरसीबी ने मुंबई को हराया

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को रायपुर में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने क्रुणाल पांड्या की अर्धशतकीय पारी की मदद से निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए कॉर्बिन बॉश ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए जबकि गजनफर और राज बावा के नाम एक-एक विकेट रहा।





आरसीबी को सातवां झटका गजनफर ने दिया। उन्होंने क्रुणाल पांड्या को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। वह 46 गेंदों में 73 रन बनाकर आउट हुए। अब रोमारियो शेफर्ड का साथ देने रसिख सलाम डार आए हैं।: क्रुणाल पांड्या का अर्धशतक

क्रुणाल पांड्या ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। जितेश शर्मा भी उनका साथ देने के लिए क्रीज पर मौजूद हैं। 15 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 124 रन है। आरसीबी को चौथा झटका कॉर्बिन बॉश ने दिया। उन्होंने तिलक वर्मा के हाथों जैकब बेथेल को कैच कराया। वह 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब क्रुणाल पांड्या का साथ देने जितेश शर्मा आए हैं।

मुंबई ने आरसीबी को दिया 167 रनों का लक्ष्य

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 167 रनों का लक्ष्य दिया है। रविवार को रायपुर में खेले जा रहे मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए। उनके लिए तिलक वर्मा ने 57 रनों की पारी खेली। वहीं, आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार विकेट लिए जबकि हेजलवुड, रसिख सलाम और रोमारियो शेफर्ड के नाम एक-एक विकेट रहा।

## मैच में नया विवादः डगआउट में फोन इस्तेमाल करते दिखा लखनऊ के स्टाफ का सदस्य; सोशल मीडिया पर मचा बवाल



चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच रविवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले के दौरान एक नया विवाद सामने आ गया। मैच के दौरान कैमरे में एक शख्स कथित तौर पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।

**क्या है मामला ?**

सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर में दिख रहा सदस्य लखनऊ सुपर जाएंट्स के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा बताया जा रहा है। टीवी प्रसारण के दौरान कैमरा जब लखनऊ के डगआउट की तरफ गया, तब वह कथित तौर पर फोन पर बात करता नजर आया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वह दृश्य वास्तव में डगआउट का था या स्टेडियम के किसी वीआईपी एरिया का। फिलहाल इस मामले में किसी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ना ही संबंधित व्यक्ति की पहचान की पुष्टि की जा सकी है।

**क्या कहते हैं बीसीसीआई के नियम ?**

आईपीएल के प्लेयर एंड मैच ऑफिशियल एरिया (पीएमओए) नियमों के अनुसार, टीम मैनेजर को ड्रेसिंग रूम में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति होती है, लेकिन डगआउट में फोन इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। बीसीसीआई प्रोटोकॉल के मुताबिक, खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को अपने मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य कम्युनिकेशन डिवाइस स्टेडियम पहुंचने पर जमा कराने होते हैं। केवल अधिकृत एनालिस्ट को अपने सिस्टम का इस्तेमाल करने की अनुमति होती है।

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई**

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर आईपीएल 2026 में डगआउट में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के आरोप में 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

## डब्ल्यूएफआई ने विनेश फोगाट को जारी किया नोटिस, 26 जून तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग लेने पर लगाई रोक

नयी दिल्ली,10 मई। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया और डब्ल्यूएफआई के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी के लिये छह महीने का अनिवार्य नोटिस नहीं देने के कारण 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में उनके भाग लेने पर रोक लगा दी.

पंद्रह पन्ने के नोटिस में डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया कि विनेश के आचरण से देश को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है, भारतीय कुश्ती की छवि खराब हुई है, डब्ल्यूएफआई संविधान के प्रावधानों, यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों और डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ है. महासंघ ने उनसे चार प्रमुख आरोपों पर सफाई मांगी है जिसमें 2024 पेरिस ओलंपिक से अयोग्य करार दिये जाने, डोपिंग रोधी नियमों के तहत ठौर ठिकाना बताने में कथित तौर पर नाकाम रहने और आईओए द्वारा नियुक्त तत्कालीन तदर्थ समिति द्वारा मार्च 2024 में कराये गए ट्रायल में दो भार वर्गों में भाग लेना शामिल है.

महासंघ ने साफ तौर पर कहा है कि वह इस साल 26 जून तक किसी घरेलू टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट शामिल है.

नोटिस में कहा गया , महासंघ को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि आपने डोपिंग रोधी नियमों का कोई ऐसा उल्लंघन नहीं किया है, जिसके कारण आप भविष्य में होने वाली किसी भी प्रतियोगिता में महासंघ का प्रतिनिधित्व करने के अयोग्य हो जायें.

विनेश को इन आरोपों पर लिखित जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया गया है, और उन्हें डब्ल्यूएफआई की अनुशासन समिति के सामने व्यक्तिगत सुनवाई का मौका भी दिया गया है. अगर वे जवाब नहीं देती हैं, तो फेडरेशन एकतरफा कार्रवाई करते हुए अंतिम आदेश जारी कर सकता है.

नोटिस में कहा गया है, कृपया ध्यान दें कि अगर आप तय समय सीमा यानी चौदह (14) दिनों के अंदर अपना लिखित जवाब जमा नहीं करती हैं, या अगर आपको व्यक्तिगत सुनवाई का मौका दिया जाता है और आप उसका लाभ नहीं उठाती हैं, तो फेडरेशन को मजबूरन एकतरफा कार्रवाई करनी पड़ेगी और रिकॉर्ड में मौजूद जानकारी के आधार पर ऐसे आदेश जारी करने होंगे जिन्हें वह सही और उचित समझेगा?

## गुजरात टाइटंस की शानदार जीत, राजस्थान को 77 रनों से हराकर पहुंची दूसरे नंबर पर

नईदिल्ली, 10 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 52वें मैच में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स पर 77 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है. पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 229 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. उसके बाद शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस ने राजस्थान को 16.3 ओवर में ही 152 रनों पर ढेर कर दिया.

## उर्विल पटेल का धमाकाः सीएसके के बल्लेबाज ने आईपीएल का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाया, यशस्वी की बराबरी की

आईपीएल 2026

**आईपीएल में सबसे तेज पचासा**



| बल्लेबाज | टीम | विपक्षी टीम | जगह | वर्ष | गेंद |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | RR | KKR | कोलकाता | 2023 | 13 |
| उर्विल पटेल | CSK | LSG | लखनऊ | 2026 | 13 |
| केएल राहुल | PBKS | DC | मोहाली | 2018 | 14 |
| पैट कमिंस | KKR | MI | पुणे | 2022 | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड | RCB | CSK | बंगलूरु | 2025 | 14 |

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाया। उर्विल ने महज 13 गेंदों पर पचासा पूरा किया। उर्विल ने इसके साथ ही यशस्वी जायसवाल की बराबरी कर ली है जिन्होंने 13 गेंदों पर ही आईपीएल में अर्धशतक लगाया था। उर्विल ने अर्धशतक जड़ने के बाद एक पर्ची निकाली और अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। उर्विल ने जो पर्ची दिखाई उसमें 'दिस इज फोर यू पापा' यानी 'पापा ये आपके लिए है', लिखा हुआ था।

**उर्विल की तूफानी बल्लेबाजी**

लखनऊ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। पावरप्ले का आखिरी ओवर डालने आए दिग्वेश राठी को उर्विल ने निशाने पर लिया। उन्होंने उर्विल के इस ओवर से 25 रन जुटाए जिससे सीएसके ने छह ओवर की समाप्ति तक एक विकेट पर 97 रन बनाए। उर्विल और ऋतुराज के बीच दूसरे विकेट के लिए 14 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी हो चुकी है। उर्विल ने दिग्वेश के इस ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया। इससे पहले, पांचवां ओवर डालने आवेश खान पर भी उर्विल ने तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए। पावरप्ले के बाद भी उर्विल नहीं रुके और उन्होंने सबसे तेज अर्धशतक लगाया। हालांकि, शाहबाज अहमद ने उनकी पारी का अंत किया। उर्विल ने 23 गेंदों पर दो चौकों और आठ छक्कों की मदद से 65 रन बनाए।

**इंग्लिस-शाहबाज की मदद से लखनऊ का अच्छा स्कोर**

जोश इंग्लिस और शाहबाज अहमद की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सीएसके को 204 रनों का लक्ष्य दिया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। लखनऊ के लिए इंग्लिस ने 33 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से 85 रन बनाए।

### उर्विल ने तोड़ा डिविलियर्स का रिकॉर्ड

उर्विल आईपीएल की एक पारी में पहले 10 गेंदों पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।
उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का वर्षों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।
डिविलियर्स ने 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले 10 गेंदों पर 41 रन बनाए थे।
यशस्वी जायसवाल ने भी 2023 में केकेआर के खिलाफ शुरुआती 10 गेंदों पर 41 रन बनाए थे।

## सीएसके ने 180+ रनों का लक्ष्य हासिल किया, प्लेऑफ की दौड़ से लखनऊ लगभग बाहर



सीएसके ने आईपीएल 2026 में जीत की हैट्रिक लगाते हुए लखनऊ को एकतरफा अंदाज में हराया। इस हार से जहां लखनऊ का सफर लगभग समाप्त हो गया वहीं, सीएसके ने प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखी हैं। उर्विल पटेल की धुआंधार बल्लेबाजी से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में सीएसके ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। 2019 के बाद यह पहली बार है जब सीएसके ने 180+ रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है। तालिका में पाचवें स्थान पर पहुंची सीएसके

सीएसके इस जीत के साथ ही अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। सीएसके के 11 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ 12 अंक हैं। सीएसके ने बेहतर नेट रन रेट के कारण राजस्थान रॉयल्स को पीछे छोड़ दिया है। राजस्थान के भी इतने ही अंक हैं। वहीं, लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। लखनऊ 11 मैचों में तीन जीत और आठ हार के साथ छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर मौजूद है। उर्विल की विस्फोटक बल्लेबाजी

लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके को अच्छी शुरुआत दिलाई। सैमसन ने शुरुआत से ही हाथ खोले और कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, लेकिन दिग्वेश ने उन्हें बोल्ड कर सीएसके को पहला झटका दिया। सैमसन 14 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उर्विल पटेल ने विस्फोटक बल्लेबाजी की और रिकॉर्ड बना लिया। उर्विल ने महज 13 गेंदों पर पचासा पूरा किया और आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाया।



## ढाका टेस्टः मोहम्मद अब्बास ने बांग्लादेश के खिलाफ झटका पहला 5 विकेट हॉल, ये बनाए रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली, 10 मई। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ ढाका के शेर-ए बांग्ला स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। यह उनके टेस्ट करियर का छठा और बांग्लादेश टीम के खिलाफ पहला ही 5 विकेट हॉल रहा। उनकी गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान टीम बांग्लादेश को पहली पारी में 413/10 के स्कोर पर रोकने में सफल रही। आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़े जानते हैं। अब्बास ने बांग्लादेश को 201 रन के कुल स्कोर पर नजमुल हुसैन शांतो (101) के रूप में तीसरा झटका देते हुए मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद भी उनकी शानदार गेंदबाजी जारी रही और उन्होंने लिटन दास (33), मेहदी हसन मिराज (10), तैजुल इस्लाम (17) और इबादोत हुसैन (0) को भी एक के बाद एक पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 34 ओवर में 8 मेडन के साथ 92 रन खर्च करते हुए ये सफलताएं अर्जित की। अब्बास की टेस्ट क्रिकेट में औसत 22.95 की है। वह अब पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सबसे बेहतरीन औसत के साथ गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज हैं।

## धर्मशाला पहुंची दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स से मुकाबले को लेकर बढ़ा आईपीएल का रोमांच

### धर्मशाला की पिच पर रोमांचक मैचों की उम्मीद

धर्मशाला,10 मई। हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत शहर धर्मशाला में आईपीएल 2026 का रोमांच अब पूरी तरह चरम पर पहुंच चुका है. पंजाब किंग्स के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम भी धर्मशाला पहुंच गई है. 11 मई को एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले अहम मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. दिल्ली कैपिटल्स की टीम गगल एयरपोर्ट पहुंची, जहां से खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीधे हयात रीजेंसी होटल ले जाया गया.

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों के धर्मशाला पहुंचते ही एयरपोर्ट के बाहर प्रशंसकों की भारी भीड़ जमा हो गई. फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए काफी देर तक इंतजार करते नजर आए. सुरक्षा कारणों के चलते खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से सीधे टीम बस के जरिए होटल पहुंचाया गया. इस दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. आईपीएल मुकाबलों को लेकर धर्मशाला में इस समय पूरी तरह क्रिकेट का रंग चढ़ चुका है. धौलाधार की बर्फ से ढकी पहाड़ियों के बीच स्थित एचपीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एक बार फिर बड़े मुकाबलों का गवाह बनने जा रहा है. पंजाब किंग्स को यहां दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं. तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाने वाली धर्मशाला की पिच पर रोमांचक मैचों की उम्मीद की जा रही है.

बताया जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार से एचपीसीए स्टेडियम में अभ्यास सत्र शुरू करेगी. खिलाड़ी धर्मशाला की परिस्थितियों के अनुसार खुद को तैयार करने पर फोकस करेंगे. एचपीसीए और जिला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों की सुरक्षा, ट्रैफिक और स्टेडियम व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं. इस बार धर्मशाला में आईपीएल मैचों की टिकट कीमतों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है. पिछले साल जहां टिकटें 1200 से 2000 रुपये के बीच मिलती थीं, वहीं इस बार शुरुआती कीमत 2500 रुपये रखी गई है. प्रीमियम टिकटों की कीमत 22,500 रुपये तक पहुंच गई है. टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो चुकी है, जबकि ऑफलाइन बिक्री को लेकर अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है. क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी यह है कि धर्मशाला का एचपीसीए स्टेडियम इस बार आईपीएल 2026 के पहले क्वालीफायर मुकाबले की भी मेजबानी करेगा. बीसीसीआई के शेड्यूल के अनुसार 26 मई को पहला क्वालीफायर मैच धर्मशाला में खेला जाएगा. इसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

# शाहिद कपूर की कॉमेडी फिल्म तैयार, पहली बार जाह्नवी कपूर के साथ करेंगे रोमांस



बॉलीवुड गलियारों से एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दरअसल, शाहिद कपूर को अब अपनी अगली फिल्म के लिए नई हीरोइन मिल गई है। चर्चा है कि बधाई हो जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले निर्देशन अमित शर्मा ने अपनी अगली बड़े बजट की फिल्म के लिए जाह्नवी कपूर से संपर्क किया है। पर्दे पर पहली बार शाहिद और जाह्नवी की जोड़ी देखने को मिलेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में शाहिद के अपोजिट लीड रोल निभाने के लिए जाह्नवी से बातचीत अंतिम चरण में है। बधाई हो और मैदान जैसी फिल्में देने वाले निर्देशक अमित शर्मा इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। ये एक रिलेशनशिप कॉमेडी फिल्म होगी, जो प्यार और रिश्तों पर आज के युवाओं के नजरिए को एक नए और मजेदार अंदाज में पेश करेगी। अगर बात बन गई ये पहला मौका होगा, जब शाहिद और जाह्नवी की केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी।


इस फिल्म की कहानी एक बहुत ही मजेदार और आम लोगों से जुड़ी प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। ये पूरी तरह से एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म होगी। शाहिद भी काफी समय बाद इस तरह के मजेदार विषय पर लौट रहे हैं और वो इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। गंभीर भूमिकाएं निभाने के बाद दर्शकों को एक बार फिर पर्दे पर शाहिद का वही पुराना मजाकिया और बेमिसाल अंदाज देखने को मिलेगा।

अमित शर्मा अपनी कहानियों में कॉमेडी और भावनाओं का बेहतरीन तालमेल बिठाने में माहिर हैं। यही वजह है कि शाहिद-जाह्नवी की इस नई जोड़ी को लेकर काफी उम्मीदें जताई जा रही हैं। खबरों की मानें तो ये फिल्म अक्टूबर 2026 में शुरू हो सकती है। शाहिद फिलहाल राज और डीके की वेब सीरीज फर्जी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं और उसे पूरा करने के बाद ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। फिलहाल फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं।



अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और इसे 2027 में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है।

# नहीं थम रही भूत बंगला की आंधी, 150 करोड़ पार पहुंची फिल्म की कमाई



अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का बॉक्स ऑफिस पर जलवा अभी भी बरकरार है. फिल्म 22 दिन बाद भी शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने चौथे शुक्रवार को भी धांसू कमाई की, जिसके बाद इसका टोटल कलेक्शन 150 करोड़ के पार पहुंच गया है. आपको बता दें कि फिल्म को 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और फिल्म थिएटर पर आते ही छा गई थी. वहीं, ये कोविड-19 के बाद अक्षय कुमार की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म भी बन चुकी है. अक्षय की फिल्म भूत बंगला ने 22वें दिन यानी चौथे शुक्रवार की कमाई पैट्रियट और धुरंधर 2 से ज्यादा रही. हालांकि, राजा शिवाजी से इसकी कमाई कम रही. लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है.

– सैकनिल्क के अनुसार, भूत बंगला ने 22वें दिन 1.75 करोड़ की कमाई की, जिस पर 10.0त्न ऑक्यूपेंसी भी दर्ज की गई है.

– फिल्म की कुल कमाई 151.75 करोड़ (इंडिया नेट कलेक्शन) तक पहुंच गई है. इसके साथ ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 233.01 करोड़ पहुंच गया है.

इसके साथ ही अगर भूत बंगला की हर हफ्ते की कमाई के बारे में बात की जाए तो सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले हफ्ते 84.40 करोड़, दूसरे हफ्ते 43.85 करोड़ और तीसरे हफ्ते 21.85 करोड़ का बिजनेस किया. भूत बंगला कोविड-19 के बाद अक्षय कुमार तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क के अनुसार, पहली सूर्यवंशी (293 करोड़), दूसरी हाउसफुल 5 (288.65 करोड़), तीसरी भूत बंगला (228 करोड़), चौथी ओएमजी 2 (221.75 करोड़) और पांचवी जॉली एलएलबी 3 (171.65 करोड़) है.

## 46 की उम्र में काम्या पंजाबी के ग्लैमरस लुक ने बढ़ाया तापमान



टीवी एक्ट्रेस काम्या पंजाबी इन दिनों अपने पति के साथ छुट्टियां एंजॉय करती नजर आ रही हैं. हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनकी पति शलभ डांग के साथ उनकी जोड़ी बहुत शानदार लग रही है. 46 साल की उम्र में भी काम्या का ये बोल्ड लुक देखकर फैंस इन फोटोज पर अपना प्यार बरसा रहे हैं.

इस तस्वीर में काम्या अपने पति शलभ डांग को प्यार से देख रही है, वहीं शलभ भी प्यार से देखते नजर आए. बीच के पास काम्या का ये मिरर फोटो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है. साथ ही वो इस लुक में बहुत ग्लैमरस लग रही हैं. बालकनी से काम्या का ये फोटो बहुत खूबसूरत है. पिंक कलर के इस ड्रेस में उनका बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस फोटो में शलभ और काम्या की जोड़ी बहुत प्यारी लग रही है. शलभ का भी डैशिंग अंदाज खूब सुर्खियां बटोर रहा है. इस फोटो में काम्या अपने करीबी दोस्त के साथ इस सुंदर नजारे को एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं. खूबसूरत लोकेशन पर उनकी ये मिरर इमेज उनके हॉलीडे को खास और यादगार बना रही है. व्हाइट शर्ट और ब्लैक शॉर्ट्स में काम्या का मस्तीभरा अंदाज सभी का ध्यान खींच रहा है. वही शलभ का ऑल ब्लैक लुक भी शानदार है.

## माइक्रोवेव में आसानी से बनाएं स्वादिष्ट पोहा, आसान है इसकी रेसिपी



पोहा एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है, जिसे सुबह के समय खाना पसंद किया जाता है। इसे बनाने में ज्यादा समय नहीं लगता और यह जल्दी तैयार हो जाता है। अगर आपके पास समय की कमी है, तो आप माइक्रोवेव का उपयोग करके पोहा आसानी से बना सकते हैं। आइए जानते हैं माइक्रोवेव में पोहा बनाने का तरीका, जिससे आप कुछ ही मिनटों में स्वादिष्ट पोहा तैयार कर सकते हैं।

**जरूरी सामग्री**

पोहा बनाने के लिए आपको पतला चावल, प्याज, हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, नमक, नींबू का रस, मूंगफली, करी पत्ता और हरा धनिया जैसी चीजों की जरूरत होगी। इसके अलावा आप अपनी पसंद की सब्जियां जैसे मटर, गाजर या शिमला मिर्च भी मिला सकते हैं। इन सामग्रियों से आप एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता बना सकते हैं, जो न केवल पेट को भरेगा बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा।

**पोहा भिगोएं**

माइक्रोवेव में पोहा बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को पानी में भिगो दें। इसके लिए एक बड़े बर्तन में पोहे डालकर उस पर पानी डालें और उन्हें 5-10 मिनट तक भिगोने दें। इससे पोहे नरम हो जाएंगे और पकाने में आसानी होगी। ध्यान रखें कि पोहे को ज्यादा देर तक पानी में न रखें, क्योंकि इससे वे चिपचिपे हो सकते हैं और स्वाद खराब हो सकता है।

**प्याज और मसाले भूनें**

अब माइक्रोवेव के बर्तन में थोड़ा तेल डालकर उसे गर्म करें, फिर उसमें कटा हुआ प्याज डालें और उसे 1-2 मिनट तक भूनें जब तक कि वह नरम न हो जाए। इसके बाद इसमें कटी हुई हरी मिर्च और हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को 2-3 मिनट तक माइक्रोवेव में पकाएं ताकि सभी मसाले अच्छी तरह से मिल जाएं और उनकी खुशबू निकलने लगे।

**पोहे मिलाएं**

अब भिगोए हुए पोहे को छानकर माइक्रोवेव के बर्तन में तैयार प्याज वाले मिश्रण में डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण पर नींबू का रस निचोड़ें और ऊपर से भुनी हुई मूंगफली डालें। मूंगफली पोहे को एक कुरकुरापन देती है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। आप चाहें तो इसमें और भी सब्जियां डाल सकते हैं, जैसे मटर, गाजर या शिमला मिर्च, जिससे पोहा और भी पौष्टिक बन जाएगा।

**अंतिम स्टेप**

अब माइक्रोवेव को मध्यम आंच पर सेट करके उसमें तैयार पोहे को 2-3 मिनट तक गर्म करें, ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं। इसके बाद इसे एक प्लेट में निकालकर ऊपर से हरा धनिया डालकर सजाएं और गर्मागर्म परोसें। इस तरह से आप आसानी से माइक्रोवेव में स्वादिष्ट पोहा तैयार कर सकते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा है। इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ जरूर साझा करें।

## किचन के स्पंज का इस्तेमाल करते समय ध्यान में रखें ये बातें, सफाई रहेगी बरकरार

रसोई के स्पंज का इस्तेमाल बर्तन धोने के लिए किया जाता है, लेकिन इनका सही तरीके से चयन और देखभाल करना जरूरी है। सही स्पंज का चयन करने से न केवल बर्तन अच्छे से साफ होते हैं, बल्कि आपकी रसोई भी साफ-सुथरी रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने रसोई के स्पंज को लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकते हैं और उसे सही तरीके से रख सकते हैं।

सही स्पंज का चयन कैसे करें?

रसोई के स्पंज का चयन करते समय उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दें। बाजार में कई तरह के स्पंज मिलते हैं, लेकिन सबसे अच्छा वह होता है जो जल्दी सूख जाए और कीटाणुओं को पनपने से रोके। फोम और रबर के मिश्रण वाले स्पंज सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि वे जल्दी सूखते हैं और लंबे समय तक चलते हैं।

## फिल्म पति पत्नी और वो 2 से जारी हुआ धमाकेदार गाना, रैपर बादशाह ने बांधा समां



आयुष्मान खुराना अपनी पत्नी और प्रेमिकाओं के साथ 15 मई को सिनेमाघरों में आ रहे हैं। जी हां, यहां बात उनकी आगामी फिल्म पति पत्नी और वो 2 की हो रही है, जिसमें सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी हैं। इन तीनों के बीच में आयुष्मान बेचारा पति बनकर फंसे हुए हैं। खैर ट्रेलर पहले से लोगों को फिल्म देखने के लिए उत्साहित कर चुका है। अब एक धमाकेदार गाना भी आ गया है।

गाने का नाम हमने वहीं लगाया दिल है, जिसे टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया गया है। रैपर बादशाह ने हितेन के साथ मिलकर इसे कंपोज किया है। हालांकि गाने में रैप और संगीत उन्होंने अकेले दिया है। आवाज 2 भाइयों, कृष मंडल और किशोर मंडल की है जो यूट्यूब पर वायरल गायकों में से एक हैं। इसमें उनका साथ इप्सिता ने दिया है। जोशीले संगीत वाला यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

बता दें कि पति पत्नि और वो नाम की पहली फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के

## इंडस्ट्री में काम करने के तरीके पर बोलीं सई मांजरेकर, ट्रेंड नहीं, बल्कि मजबूत कहानियों पर मेरा फोकस



मनोरंजन की दुनिया में अक्सर देखा जाता है कि कलाकार तेजी से सफलता पाने और ट्रेंड के साथ चलने की कोशिश करते हैं। लेकिन एक्ट्रेस सई मांजरेकर इससे बिल्कुल उलट सोच रखती हैं। उनका मानना है कि एक अच्छा कलाकार बनने के लिए समय देना जरूरी होता है और हर प्रोजेक्ट सोच-समझकर चुनना चाहिए, ताकि उनका काम लंबे समय तक लोगों के दिलों में बना रहे। सई मांजरेकर ने अपने काम करने के तरीके को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, अब मुझे यह समझ में आ गया है कि एक एक्टर के तौर पर खुद को समय देना बहुत जरूरी होता है। मैं आजकल के ट्रेंड के पीछे भागने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि ऐसे काम करना चाहती हूं, जो एक कलाकार के रूप में मुझे आगे बढने् में मदद करें। मेरा मानना है कि जब कोई काम दिल से किया जाता है, तो वह लोगों पर गहरी छाप छोड़ता है और लंबे समय तक याद रखा जाता है। सई ने आगे कहा, मैं हर प्रोजेक्ट के साथ खुद को बेहतर बनाना चाहती हूं। जल्दबाजी में काम करने के बजाय अपने ही तरीके से आगे बढना् पसंद करती हूं। मेरे लिए करियर में लंबा टिके रहना तभी संभव है, जब मैं अपने काम के प्रति ईमानदार रहूंगी और वही कहानियां चुनूंगी, जिनसे मैं खुद भी जुड़ाव महसूस करती हूं। उन्होंने कहा कि इस सोच के साथ वह अपने हर किरदार में सच्चाई और गहराई लाने की कोशिश करती हैं। बता दें कि सई मंजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इंडिया हाउस को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म आज़ादी से पहले के दौर की कहानी पर आधारित है, जिसमें उस समय के सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को बड़े स्तर पर दिखाया जाएगा।

## नीति आयोग की रिपोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार की पोल खोली

# अंधेरे स्कूलों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है सरकार-अजय सिंह

**भोपाल 10मई, 2021।**
पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट मध्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव के 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' के दावों की असलियत उजागर करती है।

सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्म की बात है कि 21वीं सदी में जब हम डिजिटल इंडिया की बात कर रहे हैं, तब मध्य प्रदेश में साढ़े 13 हजार स्कूल बिजली न होने से अंधेरे में डूबे हैं। क्या सरकार इन्हीं अंधेरे कमरों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है?

अजय सिंह ने शौचालय की कमी पर रोष जताते हुए कहा कि लगभग दो हजार स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय न होना सरकार के 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के नारे पर करारा तमाचा है और भाजपा के 'नारी वंदन' का मजाक है। यह सोचने की बात है कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बेटियां स्कूल कैसे जाएंगी? उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि



स्कूलों में 52 हजार से अधिक पद खाली पड़े है। इनमें से प्रायमरी स्कूलों में ही 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात हजार से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट का भारी भरकम पैसा आखिर कहाँ जा रहा है? जब शिक्षक ही नहीं होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है?

अजय सिंह ने कहा कि स्कूलों की बदहाली के कारण 3 लाख 37 हजार बच्चों का प्राथमिक शिक्षा बीच में ही छोड़ देना प्रदेश के लिए एक बड़ी त्रासदी है। माध्यमिक स्तर पर लगभग 17 प्रतिशत ड्रॉपआउट रेट यह बताता है कि सरकार युवाओं में शिक्षा के प्रति ललक पैदा करने में पूरी तरह विफल है।

अजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि देश में जहाँ छोटे छोटे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश 99 प्रतिशत कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे हैं, वहीं मध्य प्रदेश के 40 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर ही नहीं हैं। यह स्थिति प्रदेश को आधुनिक दौर से पीछे धकेलने की साजिश है। संदीपनी स्कूलों के प्रचार प्रसार में आत्ममुग्ध सरकार को नीति आयोग की रिपोर्ट ने आईना दिखाया है।

अजय सिंह ने मांग की है कि मुख्यमंत्री इस रिपोर्ट को गंभीरता से लें और इस पर प्रदेश की जनता को जवाब दें। वे इवेंट मैनेजमेंट जैसे ढकोसले छोड़कर शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुधारने और शिक्षकों की भर्ती के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं।

## तालाब में मिला युवती का शव

**भोपाल 10 मई ।** रंजीत होटल के करीब बोट क्लब बड़े तालाब से रविवार की सुबह युवती का शव मिला है। वह दो दिन पहले घर से बिन बताए निकली थी। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं था। हालांकि परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी। मामले में श्यामला हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

सोनिका ठाकुर पति रूपेश ठाकुर 28 निवासी गौतम नगर कॉलोनी थाना गौतम नगर क्षेत्र की रहने वाली थी। उसकी शादी 18 अप्रैल 2024 को नर्मदापुरम के रहने वाले रूपेश से हुई थी। शादी के 16 दिन बाद वह मायके मेहमानी में आई और दोबारा नहीं लौटी।

उसके पति ने बताया कि कई बार उससे कारण पूछा, लेकिन नहीं बताया। 7 मई को आखिरी बार पति की उससे कॉल पर बात हुई। तब उसने कहा था कि मुझे लेने आ जाओ, शनिवार को पति ने नर्मदापुरम से निकलने से पहले कॉल किए लेकिन पत्नी ने नहीं उठाए। शनिवार की रात को पिता ने पति को कॉल कर सोनिका का शव तालाब में मिलने की जानकारी दी।

**एसआई मोहन शर्मा ने बताया कि रंजीत** होटल के पास सेल्फी पाइंट के पास नगर निगम के सुपरवाइजर अशोक ने सूचना दी कि सफाई कार्य के दौरान महिला का शव पानी में दिख रहा है। अशोक की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जेब में मिले मोबाइल के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई।

**रविवार की दोपहर को पीएम के बाद** बॉडी परिजनों को सौंप दी गई है। एसआई ने बताया कि मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर किसी प्रकार के आरोप नहीं लगाए हैं। मृतक की जींस की जेब से एक माचिस, मोबाइल फोन और 50 का नोट मिला था। जिसे उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया है।

## टिंबर मार्केट में आग, 20 फीट तक ऊपर उठी लपटें

**भोपाल 10 मई ।** शहर के बीचोंबीच टिंबर मार्केट में रविवार को फिर आग लग गई। लकड़ी की एक दुकान में लगी आग इतनी भीषण थी कि लपटें 20 फीट तक ऊपर उठ गईं। इसके ठीक पीछे रेलवे ट्रैक है। जहां से ट्रेनें गुजरती रहीं। तेज हवा की वजह से डेढ़ घंटे में आग काबू आ पाई।

आग लगने की घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। बरखेड़ी ऑटो स्टैंड के पास टिंबर दुकान में आग लग गई। धीरे-धीरे आग तेजी से फैलती गईं।

## 13% होल्ड पदों पर तत्काल नियुक्ति दे सरकार : जीतू पटवारी



**भोपाल 10 मई ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी ने आज भोपाल स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात की तथा उनके आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान प्रदेशभर से आए ओबीसी अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी सहित विभिन्न भर्तियों में होल्ड किए गए पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग उठाई।


ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला वर्तमान में न्यायालय में लंबित है। इसी के चलते प्रदेश सरकार द्वारा कई प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भर्तियों में ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत पदों को होल्ड रखा गया है। शिक्षक भर्ती पात्रता परीक्षा 2018, 2020 एवं 2023, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी तथा अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में हजारों अभ्यर्थियों के परिणाम और नियुक्तियां प्रभावित हुई हैं। इन्हीं मांगों को लेकर '13 प्रतिशत होल्ड अभ्यर्थी संघ' द्वारा आज प्रदेशव्यापी आंदोलन आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए।

धरनास्थल पर उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि 45 डिग्री की भीषण गर्मी में ओबीसी वर्ग के युवा अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए सरकार के सामने गुहार लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार आज सामाजिक न्याय और आरक्षण की भावना को कमजोर करने का काम कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने जानबूझकर इस आरक्षण को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अदालत में प्रभावी पैरवी नहीं की गई, बार-बार वकीलों के पैनल बदले गए, कई बार सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष के वकील उपस्थित तक नहीं हुए और ऑनलाइन पेशियों के माध्यम से मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। यह पूरी स्थिति भाजपा सरकार की ओबीसी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

## मशाल जुलूस में सीएम की सुरक्षा में लापरवाही, कोतवाली थाना प्रभारी लाइन अटैच

भोपाल 10 मई । भोपाल में भाजपा महिला मोर्चा के मशाल जुलूस के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव की सुरक्षा में



लापरवाही सामने आने पर कोतवाली थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा को लाइन अटैच कर दिया गया। जांच में जुलूस मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिलने और पुलिस बल समय पर नहीं पहुंचने की बात सामने आई। देश की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के लिए लोकसभा में लाए गए प्रस्ताव का विरोध करने पर कांग्रेस व विपक्षी दलों के खिलाफ 28 अप्रैल को भोपाल में भाजपा महिला मोर्चा ने मशाल जुलूस निकाला था। मशाल जुलूस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। मशाल जुलूस पुराने शहर में निकाला गया था, लिहाजा कोतवाली थाने के प्रभारी काशीराम कुशवाहा को जुलूस के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा ने सीएम की सुरक्षा की गंभीरता को नहीं लिया और जुलूस के लिए तय किए गए मार्ग पर किसी प्रकार की थाना स्तर पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की थी। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने इस कृत्य को सीएम की सुरक्षा में चूक माना है। डीसीपी जोन-3 की रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा को लाइन अटैच कर दिया गया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए आदेश के मुताबिक मुख्यमंत्री के गुजरने वाले रूट पर, डीसीपी जोन-3 के आदेश के बावजूद कोहेफिजा थाने का पुलिस बल समय पर नहीं पहुंचा था, जिसे गंभीरता से लिया गया। मामले की जांच और सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने के बाद, थाना प्रभारी और संबंधित कर्मियों पर यह कार्रवाई की गई। मशाल जुलूस और रैलियों के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों का निर्देश दिया गया था, विशेषकर जब शहर में विभिन्न राजनीतिक प्रदर्शन हों, लेकिन उक्त पुलिस अधिकारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, इसलिए उन्हें थाने से हटाया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सीहोर जिले के भैरूंदा में रोड शो कर जनता का अभिवादन किया।

# प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर, युवाओं के लिए रोजगार प्राथमिकताः मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी है विकास को रफ्तारः उद्योगपति श्री प्रणव अदाणी

भोपाल 10 मई । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा। गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप 4 मिलीयन टन सीमेंट उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अंम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रदेश का ग्वालियर और चंबल अंचल कभी डकैतों की गोलियों से गूंजता था, अब यहां विकास का परचम लहरा रहा है। अब यहां दस्युओं के स्थान पर प्रगति पहचान का माध्यम बनी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। सरकार जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गुना अंचल के लिए आज होली और दीपावली के त्यौहारों की तरह उल्लास का वातावरण है। इस क्षेत्र में सिंचाई, पानी, बिजली के





साथ सभी नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की महत्वपूर्ण घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र के विकास के लिए सिंधिया परिवार द्वारा पहल की गई थी। अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकास को गति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा दिए गए सुझावों को मानते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें गुनिया नदी के पुनर्जीवन के लिए 80 करोड़ 22 लाख राशि का प्रस्ताव भारत सरकार की जल शक्ति योजना में भेजने, लक्ष्मण कोपरा से राम नगर टकोदिया तक पहुंच को आसान बनाने के लिए पार्वती नदी पर 42 करोड़ रुपए की लागत से ब्रिज निर्माण और गुना शहर के भुजारिया तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा शामिल है।

**उद्योग खुलने से युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना होगा : केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री डा. यादव परिश्रम और निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गुना के विकास के लिए नई दीप माला प्रज्ज्वलित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि गुना क्षेत्र में सीमेंट इकाई की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। यह कार्य बहुप्रतिक्षित था। उन्होंने लगभग सौ वर्ष पूर्व सिंधिया परिवार द्वारा इस क्षेत्र में किए गए

**दस्यु प्रभावित क्षेत्र अब प्रगति से बना रहा है नई पहचान**

**गुनिया नदी के पुनर्जीवन के लिए लेंगे केन्द्र सरकार का सहयोग**

**गुना में अडाणी समूह की सीमेंट फैक्ट्री का हुआ शिलान्यास**

**प्रथम चरण में किया 1060 करोड़ रूपये का निवेश**

औद्योगीकरण के प्रयासों का उल्लेख भी किया। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे गुना के युवाओं को अन्य प्रांतों में रोजगार तलाशने नहीं जाना पड़ेगा। बहनों को भी लखपति दीदी बनाकर समृद्धि का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कोटा-बीना लाइन के दोहरीकरण, तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की पहल, जल प्रदाय योजना और सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन, गुना से देवास राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा बनाने के लिए 5 हजार करोड़ के व्यय, गुना के लिए 15 किलोमीटर लंबाई के बायपास जैसे कार्य आमजन को सुविधा प्रदान कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में गुना -चाचौड़ा- राघोगढ़ क्षेत्र के किसान पंजाब की तरह पहचान बना रहे हैं।

**मध्यप्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र हो रहा सशक्त : श्री प्रणव अदाणी**

उद्योगपति श्री प्रणव अदाणी ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से विकास को नई रफ्तार मिली है। अधोसंरचना, लॉजिस्टिक, ट्रांसपोर्ट और अन्य सुविधाओं से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। पीएम गति शक्ति मिशन से औद्योगिक क्षेत्र का वातावरण सशक्त हो रहा है। गत वर्ष भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरमेन श्री गौतम अदाणी ने एक लाख हजार करोड़ से अधिक निवेश का संकल्प व्यक्त किया था, जिसे साकार करने के लिए सीमेंट इकाई की आधारशिला रखी जा रही है। प्रथम चरण में एक हजार 60 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जो आगामी चरणों में तीन गुना से अधिक होगा। श्री अदाणी ने मध्यप्रदेश में कटनी, कैमोर सहित अन्य क्षेत्रों में सीमेंट और अन्य इकाइयों की स्थापना की पहल की गई। समूह द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रोजेक्ट अमल में लाए जाएंगे।

खाद्य,नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में विकास का पहिया तीव्र गति से घूम रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग वर्ष के बाद कृषि वर्ष में प्रदेश में समृद्धि के प्रयास तेज किए हैं। परियोजनाओं के लिए जिन किसानों की भूमि ली जाएगी उन्हें चार गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के बाद 78 लाख मीट्रिक टन के स्थान पर 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को उनकी मेहनत की पूरी कीमत दी जा रही है। कार्यक्रम में जिले के विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एम.एस.चौहान द्वारा ई-2/283, अरेरा कॉलोनी भोपाल ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं ई-109/23,शिवाजी नगर,भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादकः एम.एस. चौहान, स्थानीय संपादक कमलेन्द्र सिंह चौहान।
फोन एवं फैक्स : 0755-4273629,।